सूर्योदय 6:17 सूर्यास्त 6:36

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.6 न्यू | 23.0 अधि |
| धर्मशाला | 7.1 न्यू | 27.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77288.50 |
| निफ्टी | 23486.85 |
| सोना | 89,400 |
| चांदी | 1,03,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पंजाब किंग्स के लिए पदार्पण मैच में 97 रन बनाना शानदार रहा: अय्यर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 27 मार्च 2025 | 14 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 87, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# हिमाचल विधानसभा में 62,387 करोड़ रुपए का बजट पारित

## सुक्खू के बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि और सामाजिक सुरक्षा को प्रमुखता

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा में बुधवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 62,387 करोड़ रुपए का बजट पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2025 सदन में पेश किया, जिसे सदन ने दोपहर बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया।

विनियोग विधेयक पारित होने के साथ सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार राज्य की संचित निधि से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 62,387 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर सकेगी। सीएम ने विधानसभा में 17 मार्च को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया था। बजट में मुख्यमंत्री ने करीब एक दर्जन नई योजनाओं का ऐलान किया है। बजट में नए कर का कोई प्रावधान नहीं किया है और कई वर्गों को सौगात दी गई है। बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था, कृषि व सामाजिक सुरक्षा को प्रमुखता दी गई है। युवाओं, किसानों, महिलाओं, कर्मचारियों और वृद्धजनों के लिए बजट में अहम घोषणाएं हुई हैं। (अनंत ज्ञान)



### विकास कार्यों पर 24% और भत्तों व पेंशन पर खर्च होगी 45% राशि

**वर्ष** 2025-26 के बजट में विकास कार्यों के लिए 24 फीसदी राशि का प्रावधान किया गया है, जबकि कर्मचारियों और पेंशनर्स के वेतन, भत्तों और पेंशन पर कुल बजट की 45 फीसदी राशि खर्च होगी। 12 फीसदी बजट प्रदेश सरकार की ओर से लिए गए कर्जों के ब्याज की अदायगी पर खर्च होगा, जबकि 10 फीसदी बजट कर्जे वापस लेने पर खर्च होगा। बजट का 9 फीसदी हिस्सा स्वायत्त संस्थानों के लिए अनुदान पर खर्च होगा। इस बजट में प्रदेश सरकार ने 25 हजार नौकरियां देने, कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए देने, आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम 12750 रुपए वेतन देने, 70 से 75 वर्ष के पेंशनरों को बकाया एरियर देने, न्यूनतम दिहाड़ी 425 रुपए और मनरेगा मजदूरी 20 रुपए बढ़ाने की घोषणा की है। बजट में 6390 करोड़ रुपए का राजस्व घाटा अनुमानित है। राजस्व घाटे के साथ करीब 10338 करोड़ रुपए का पूंजीगत घाटा अनुमानित है। बजट अनुमानों के अनुसार, आगामी वित्त वर्ष में प्रदेश सरकार की राजस्व प्राप्तियां 42343 करोड़ रुपए व राजस्व खर्च 48733 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

# हर विधानसभा क्षेत्र में खोले जाएंगे कामगार कल्याण बोर्ड के दफ्तर

## उद्योग मंत्री ने सदन को दी जानकारी, अब पंजीकरण में नहीं आएंगी दिक्कतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में श्रमिकों और अन्य मजदूरों के हितों को देखते हुए हर विधानसभा क्षेत्र में कामगार कल्याण बोर्ड के दफ्तर खोले जाएंगे। सदन में प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के विधायकों के सवालों का जवाब देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने यह जानकारी दी।



उन्होंने स्पष्ट किया कि विधानसभा क्षेत्र में कामगार कल्याण बोर्ड के ऑफिस खुलने से मनरेगा श्रमिकों और अन्य दिहाड़ीदारों को पंजीकरण में दिक्कत नहीं आएगी। सरकार के ध्यान में लगातार शिकायतें आ रही हैं कि बिचौलिए श्रमिकों का शोषण करते आ रहे हैं, इसलिए बिचौलियों से बचने के लिए ये ऑफिस कारगर साबित होंगे।

बंजार विधानसभा के विधायक सुरेंद्र शौरी के एक अन्य सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि कुछ यूनियनों ने श्रमिकों के पंजीकरण के लिए धंधा बनाया है। इसको रोकने के लिए यूनियनों के माध्यम से पंजीकरण न किए जाने के आदेश जारी किए जा रहे हैं। अब श्रमिकों का पंजीकरण यूनियन के माध्यम से नहीं होगा।

### बिजली पर सेस लगने से नहीं पड़ेगा उपभोक्ताओं पर असर: डिप्टी सीएम



**बिजली** की संभावित बढ़ने वाली दरों को लेकर विपक्ष ने सत्तापक्ष पर निशाना साधा और सरकार से अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया कि बिजली पर सेस लगने से उपभोक्ताओं पर किसी तरह का बोझ नहीं पड़ेगा। सदन में बिजली बिलों में सेस जोड़ने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के संरक्षण के लिए बिजली के बिलों पर मिल्क सेस और पर्यावरण सेस लगाया गया है। आम उपभोक्ताओं पर कोई बोझ नहीं पड़ा है। इसके अलावा हिमाचल में उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिल सके, उसके लिए सरकार ने 1555 करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी कर दी है।


# विधानसभा में उठा बंबर ठाकुर की प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विधानसभा** बजट सत्र के दौरान बंबर ठाकुर की प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुद्दा उठा। विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि जब तक सदन की कार्यवाही या सत्र चल रहा है, तब तक कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कर सकता है। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच कैसे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। सदन में भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने प्वॉइंट ऑफ ऑर्डर के तहत मामला उठाते हुए कहा कि बंबर ठाकुर मंगलवार को विधानसभा आए और प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने गोलीकांड में भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि एक फोटो के आधार पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे और विधायक को निशाना बनाया है। जयराम ने कहा कि जब तक इस गोलीकांड की जांच चल रही है, तब तक इस तरह की बयानबाजी बंबर ठाकुर को नहीं करनी चाहिए। इस पर स्पीकर ने संज्ञान लेने की बात कही।

**सत्र के दौरान बाहरी व्यक्ति नहीं कर सकता प्रेस कॉन्फ्रेंस: स्पीकर**

### आज का मैच



सनराइजर्स हैदराबाद vs लखनऊ सुपर जायंट्स

समय: रात 7:30 बजे (हैदाराबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### दिल्ली हाईकोर्ट का पूर्व सीएम आतिशी को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को 'आप' नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को उस याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें हालिया विधानसभा चुनाव के दौरान कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर उनके निर्वाचन को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने निर्वाचन आयोग, दिल्ली पुलिस और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी को भी नोटिस जारी किए। इस विधानसभा सीट से आतिशी ने चुनाव जीता था।

### महादेव ऐप: भूपेश बघेल के घर सीबीआई ने डाली रेड



**नई दिल्ली।** महादेव सट्टा ऐप मामले में सीबीआई की टीम ने छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों दिल्ली, भोपाल और कोलकाता के 60 जगहों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके दो ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, उनकी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस अधिकारी आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर जांच की गई। इसके साथ ही एएसपी संजय ध्रुव और दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर भी टीम ने दबिश दी है। रायपुर, दुर्ग और भिलाई में 10 से अधिक टीमें कार्रवाई कर रही हैं। भोपाल में बैक एंड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा के ठिकानों पर भी सीबीआई ने रेड डाली।

### राशिद को संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े एक मामले में जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को 'हिरासत में' संसद के मौजूदा सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह और न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की पीठ ने कहा कि पुलिस राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच हर दिन संसद भवन ले जाएगी और कार्यवाही समाप्त होने के बाद वापस जेल ले आएगी। पीठ ने कहा कि जेल से बाहर रहने के दौरान मोबाइल फोन या लैंडलाइन का इस्तेमाल करने या मीडिया से बातचीत करने की इजाजत नहीं होगी।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को मिला 'भोग योजना' का शुद्धता प्रमाण पत्र -पेज 2
- करुणामूलक नौकरियां एकमुश्त देगी सरकार: डिप्टी सीएम -पेज 3
- एक जैसे नाम होने पर गलत व्यक्ति के खाते में चले गए पैसे -पेज 4
- डोनाल्ड ट्रंप ने वोटिंग नियम बदले, अब नागरिकता का सबूत जरूरी -पेज 13
- बिलासपुर: पैराग्लाइडिंग चैंपियनशिप में चौथे दिन 30 पायलटों ने भरी उड़ानें -पेज 14

### चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत का मामला

# हाईकोर्ट ने खारिज की देशराज की अग्रिम जमानत याचिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** हाईकोर्ट ने पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत मामले में सस्पेंड डायरेक्टर देशराज की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने बुधवार को यह फैसला सुनाया है।

न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की अदालत ने 24 मार्च को दोनों पक्ष सुनने के बाद इस केस में जजमेंट को रिजर्व रख दिया था। देशराज ने गिरफ्तारी के डर से हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी। उन्होंने न्यू शिमला थाने में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को गलत बताया था। कोर्ट ने पुलिस की ओर से दायर अब तक स्टेट रिपोर्ट के बाद देसराज को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है।

### 23 मार्च से है फरार

**सूत्रों** के अनुसार, देशराज 23 मार्च से ही फरार है। हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद देशराज की गिरफ्तारी हो सकती है। पावर कॉरपोरेशन के पूर्व एमडी और डायरेक्टर पर्सनल के खिलाफ यदि पुलिस को जांच में सुबूत मिलते हैं, तो उनकी भी मुश्किलें बढ़ सकती है।

### कांग्रेस ने अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बुधवार को राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया। इसमें उन पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का आरोप लगाया। राज्यसभा के सभापति को दिए अपने नोटिस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष के खिलाफ उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के पूर्व नियोजित मकसद से निराधार आरोप लगाए हैं। उन्होंने 25 मार्च को आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर बहस में शाह के जवाब का हवाला दिया।

# हिमाचल में आज से फिर बिगड़ेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में एक बार फिर से मौसम बिगड़ेगा। वीरवार को प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है और कई भागों में भारी ओलावृष्टि व अंधड़ का अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 27 मार्च को लाहौल-स्पीति, कांगड़ा, चंबा, किन्नौर, मंडी, कुल्लू, शिमला में हल्की बारिश व बर्फबारी के आसार हैं। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी जिले में स्थानों पर गरज के बिजली चमकने, ओलावृष्टि और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी हुआ है। शिमला में बुधवार को बादल छाए रहे। न्यूनतम व अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री गिरावट आने की संभावना है।

# पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के स्टोर रूम को किया सील

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में बुधवार को पुलिस उनके घर पहुंची। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने पैसे मिलने वाले स्टोर रूम को सील कर दिया है।

पुलिस ने जस्टिस वर्मा के घर में आग लगने की घटना को लेकर जांच की। वहीं, अधजले नोट मिलने को लेकर कर्मचारियों से पूछताछ की। दरअसल, जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे। वहीं, सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने मंगलवार को जस्टिस वर्मा के घर पहुंचकर जांच की थी। टीम उस स्टोर रूम में भी गई, जहां 500-500 रुपए के नोटों से भरीं अधजली बोरियां मिली थीं।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- पटीशनर बयानबाजी न करें

**सुप्रीम** कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा को सार्वजनिक बयान न देने का आदेश दिया है। हालांकि, मैथ्यू ने सीजेआई की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जले हुए नोटों के वीडियो को सार्वजनिक करके अच्छा काम किया है। इसके अलावा दूसरे याचिकाकर्ता ने सीजेआई के निर्णय को चुनौती दी, जिसमें 3 जजों के पैनल को आंतरिक जांच करने को कहा गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर इतना पैसा किसी बिजनेसमैन के घर पर मिलता तो ईडी और आईटी पीछे पड़ जातीं।

# चिट्टा तस्कर को 10 साल कैद

## मंडी की विशेष अदालत ने सुनाया फैसला, एक लाख रुपए जुर्माना भी ठोंका

**अनिल शर्मा, मंडी**

**विशेष** न्यायाधीश मंडी की अदालत ने चिट्टा बरामदगी मामले में एक व्यक्ति को 10 साल की सजा और एक लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

जुर्माने का भुगतान न करने पर बिलासपुर के धौंन कोठी निवासी सुभाष चंद को तीन साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट टीम ने सुंदरनगर के पुंघ में एक नाके पर वॉल्वो बस (एचआर 68बी2908) की जांच की, जिसमें सीट नंबर 37 पर बैठे यात्री के बैग से 249 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ था। इस मामले का प्राथमिक परीक्षण विशेष न्यायाधीश सुंदरनगर के न्यायालय में चल रहा था, लेकिन हिमाचल हाईकोर्ट ने अधिसूचना जारी की थी कि नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस) के बड़ी मात्रा वाले जितने भी मामले हैं, उन सभी का परीक्षण मंडलीय स्तर पर ही होना चाहिए, जिस कारण से यह मामला विशेष न्यायाधीश मंडी-1 को प्राप्त हुआ था और इस मामले का परीक्षण उक्त न्यायालय में किया गया। (अनंत ज्ञान)

### दोबारा हिरासत में लिया




**जिला** न्यायवादी ने बताया कि जो चिट्टा बरामद किया था, वह 258 ग्राम था। इसके बाद जब माल सूची कार्यवाही की गई, तो इसका भार 256 ग्राम पाया गया और न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला (एसएफआई) में इसका वास्तविक भार 249 ग्राम पाया था। इसके आधार पर विशेष न्यायाधीश सुंदरनगर ने अभियुक्त को जमानत पर रिहा कर दिया था। जब यह मामला विशेष न्यायाधीश मंडी-1 को प्राप्त हुआ था, तो उस वक्त दोषारोपण को संशोधित किया था। मामले के परीक्षण के दौरान दोषी फरार हो गया था, जिसको बाद में फिर से हिरासत में लिया था। जिला न्यायवादी मंडी ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष ने माननीय न्यायालय के समक्ष 21 गवाह पेश किए।

### सरकारें दो माह में भ्रामक विज्ञापन रोकने का बनाएं सिस्टम: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ शिकायत निवारण तंत्र बनाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे विज्ञापन समाज को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं, उन पर कड़ी निगरानी आवश्यक है। सरकार ने तंत्र स्थापित करने के लिए राज्यों को दो महीने का वक्त दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने राज्यों को निर्देश दिया कि वे 1954 के ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट के तहत निषिद्ध आपत्तिजनक विज्ञापनों के खिलाफ आम जनता की शिकायतों के लिए एक उपयुक्त तंत्र तैयार करें।







## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के साथ विधानसभा जाते विपक्षी दल भाजपा के सदस्य।



पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह।



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा।



सदन की ओर जाते कांग्रेस विधायक आशीष बुटेल, भवानी पठानिया व अन्य।



मंत्री यादविंद्र गोमा।



भाजपा विधायक विपिन परमार।

# करुणामूलक नौकरियां एकमुश्त देगी सरकार : डिप्टी सीएम

## सतपाल सत्ती ने पूछा था सवाल, बोले-5 प्रतिशत भर्ती कोटे की शर्त हटाकर एक बार सभी को देनी चाहिए नौकरी

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

प्रश्नकाल के दौरान सीएम की गैर-मौजूदगी में मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि करुणामूलक नौकरी के सभी लंबित मामले एकमुश्त निपटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में एक कैबिनेट सब कमेटी बना रखी है। इस कमेटी की रिपोर्ट आते ही मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी दी जाएगी। सब कमेटी में मंत्री राजेश धर्माणी और मंत्री यादवेंद्र गोमा सदस्य है। रोहित ठाकुर ने कहा कि कैबिनेट सब कमेटी की दो मीटिंग हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 15 अप्रैल तक करुणामूलक नौकरी के मामलों को लेकर कमेटी अपनी रिकमंडेशन सरकार को दे देगी।

इससे पहले मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व सरकार में तो नौकरियां बेची जाती थीं। इस पर सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष में नोक-झोंक शुरू हो गई। तब स्पीकर के कहने पर शिक्षा मंत्री ने जवाब दिया।



विधानसभा में यह मामला भाजपा विधायक सतपाल सत्ती ने प्रश्नकाल के दौरान उठाया। उन्होंने मांग रखी कि 5 प्रतिशत भर्ती कोटे की शर्त हटाकर एक बार सभी को नौकरी देनी चाहिए। प्रदेश में करुणामूलक नौकरी के 1839 मामले लंबित है। पूर्व में मुख्यमंत्री सुक्खू भी एकमुश्त नौकरी देने की बात कह चुके हैं। तब उन्होंने सभी विभागों से करुणामूलक कोटे से खाली पदों का ब्योरा भी मांगा था। (अनंत ज्ञान)

## हमने आखिरी दिन भी मृत्यु होने पर नौकरी का किया था प्रावधान : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नियम कानून न मानने वाले लोग अपने जिला के अंदर अपनी मनमानी तो कर ही रहे हैं, वह मुख्यमंत्री की शह पर विधानसभा के भीतर जाकर भी उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं। जिस मामले में अभी जांच प्राथमिक चरण में है।

उस मामले में कोई व्यक्ति विधानसभा के भीतर जाकर मीडिया को संबोधित कर रहा है और दुनिया भर के ऊल-जुलूल आरोप लगा रहा है। वह व्यक्ति आरोपों में इस सदन के माननीय विधायक पर और देश के बड़े नेता के परिवार पर भी लगा रहा है। इस तरीके की मनमानी वह व्यक्ति अपने जिला के भीतर तो करता ही है, लेकिन विधानसभा के अंदर भी इसी तरह की चीजें कैसे कर सकता है। जब अभी जांच चल रही है ऐसे में इस तरीके के बयान और झूठी चीज विधानसभा परिसर के अंदर प्रस्तुत करना स्वीकार्य नहीं होना चाहिए।



जयराम ने कहा कि चुनाव के पहले सरकार ने बड़ी-बड़ी बातें की और उन्हीं बातों के दम पर झूठ बोलकर सत्ता में आ गई। सत्ता में आने के बाद अपने सारे चुनावी वादे भूल गई। करुणामूलकों को नौकरी का वादा करके सरकार उनकी तरफ देखना भी नहीं चाह रही है। हमने अपनी सरकार में 3000 से ज्यादा करुणामूलकों को नौकरी दी। हमने यह नियम भी बनाया यदि कर्मचारी की अपनी सेवा काल के आखिरी दिन भी यदि मृत्यु होती है, तो भी वह करुणा मूलक आधार पर नौकरी पाने का अधिकारी होगा।

उधर, रणधीर ने कहा कि विधानसभा परिसर में यह कोई कैसे कर सकता है। उन्होंने विधानसभा की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि एक फोटो के आधार पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बेटे और विधायक को निशाना बनाया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जब तक इस गोलीकांड की जांच चल रही है, तब तक इस तरह की बयानबाजी बंबर ठाकुर को नहीं करनी चाहिए। इस पर स्पीकर ने संज्ञान लेने की बात कही।

### पठानिया बोले-सदन की कार्यवाही तक कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रेस को नहीं कर सकता संबोधित

**हिमाचल** विधानसभा स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि जब तक सदन की कार्यवाही या सत्र चल रहा है, तब तक कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कर सकता है। पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के बीच कैसे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। काबिलेगौर कि सदन में भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के तहत मामला उठाते हुए कहा कि बंबर ठाकुर मंगलवार को विधानसभा आए और प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने गोलीकांड में भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के परिवार पर टिप्पणी की।

## हिमाचल को शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक बनाने की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में राज्य सरकार की ओर से शिक्षा सचिव राकेश कंवर और संगठन की ओर से यूनेस्को निदेशक एवं प्रतिनिधि टिम कर्टिस तथा चीफ ऑफ एजुकेशन प्रोग्राम स्पेशलिस्ट जॉयस पोआन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इसके तहत यूनेस्को हिमाचल को शिक्षा क्षेत्र के आधुनिकीकरण में सहायता प्रदान करेगा जिसके अंतर्गत प्रदेश में शिक्षा पद्धतियों के सुदृढ़ीकरण, पाठ्यक्रम, शिक्षकों के प्रशिक्षण, मूल्यांकन प्रणाली तथा विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशल में निपुण करने सहित उनमें रचनात्मकता, सहयोग और संचार जैसी क्षमताएं विकसित की जाएंगी। शिक्षा को समावेशी, सतत और भविष्योन्मुखी बनाया जाएगा।

समझौता ज्ञापन के तहत ग्रीन एजुकेशन पहल पर विशेष बल देते हुए पर्यावरण के बारे में जागरूकता और सतत विकास को एकीकृत कर विद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को पर्यावरण संबंधी चुनौतियों से निपटने का कौशल मिले। इसके अतिरिक्त खेलों का समावेश कर विद्यार्थियों को नैतिक मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान कर उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अमरजीत शर्मा और निदेशक प्रारंभिक शिक्षा आशिष कोहली तथा अन्य गणमान्य इस अवसर पर उपस्थित थे।

### सरकारी स्कूलों को बदला जा रहा स्मार्ट स्कूलों में

**मुख्यमंत्री** ने प्रदेश सरकार की शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार डिजिटल लर्निंग का विस्तार करते हुए सरकारी स्कूलों को स्मार्ट स्कूलों में बदल रही है और प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश सरकार ने पिछले दो वर्षों के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए प्रदेश सरकार द्वारा यूनेस्को के साथ किए गए समझौता ज्ञापन को इंगित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार भविष्य आधारित कौशल और वैश्विक स्तर की शिक्षा सुनिश्चित करने के प्रति प्रमुखता से कार्य कर रही है।

## सुक्खू सरकार के खिलाफ विधानसभा के बाहर आज हल्ला बोलेगी भाजपा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि 27 मार्च को भाजपा का चौड़ा मैदान में विशाल प्रदर्शन होने जा रहा है, जिसमें पूरे प्रदेश से 10000 कार्यकर्ता भाग लेने वाले हैं। इस विशाल प्रदर्शन में पूरे प्रदेश भर से कार्यकर्ता भाग लेंगे।

बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सभा स्थल का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने संचालन समिति के साथ कल के प्रदर्शन की चर्चा भी की और उचित निर्देश में दिए। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल उपस्थित रहने वाले हैं, उनके साथ-साथ हिमाचल लोकसभा सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव भारद्वाज एवं कंगना रनौत उपस्थित रहेंगी। इस विशाल प्रदर्शन का एकत्रीकरण का समय प्रातः 10.30 बजे रहने वाला है। यह विशाल प्रदर्शन प्रदेश में चल रहे संरक्षण के अंतर्गत माफिया राज के विरुद्ध है।

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मनाया 61वां जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को सरकारी आवास ओक ओवर में अपना 61वां जन्मदिन मनाया, जहां सुबह से ही बधाई देने के लिए समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के अलावा कैबिनेट मंत्रियों और कांग्रेस विधायकों ने ओक ओवर पहुंचकर मुख्यमंत्री सुक्खू को जन्मदिन की बधाई दी। सीएम सुक्खू ने विधायक पत्नी कमलेश ठाकुर की मौजूदगी में केक काटा। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके समर्थकों ने ओक ओवर में नाटी भी डाली। समर्थकों की भीड़ की वजह से सीएम सुबह के वक्त विधानसभा भी नहीं जा पाए।




### सरकारी आवास ओक ओवर में काटा केक, मंत्री-विधायक और समर्थकों ने दी बधाई

वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन पर हमीरपुर के गांधी चौक पर जिला कांग्रेस की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यहां दर्जनों लोग रक्तदान कर रहे हैं। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।



बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## 200 छात्रों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात, जानी कार्यवाही की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय विधि अध्ययन संस्थान हरिदेवी, आईटीआई शिमला तथा पत्रकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के 200 छात्रों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर विधानसभा कार्यवाही कैसे संचालित होती है, के बारे में जाना।

इस दौरान छात्रों से संवाद में पठानिया ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का पद महत्वपूर्ण होता है। वह सदन की कार्यवाही का संचालन करता है, बहस को नियंत्रित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि सभी सदस्य नियमों का पालन करें। उनका मुख्य कार्य निष्पक्ष रहना और सभी को अपनी बात रखने का मौका देना है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा की संसदीय प्रणाली में विधायक जनता द्वारा चुने जाते हैं और वे सरकार बनाते हैं। यह सरकार विधानसभा के प्रति जवाबदेह होती है और उसे नियमित रूप से अपने कार्यों का ब्यौरा देना होता है। इस प्रणाली में मुख्यमंत्री और उनके मंत्री विधानसभा के सदस्य होते हैं।

## लोक निर्माण विभाग का घटाया बजट : शौरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के विधानसभा सत्र में बजट पारित की चर्चा के दौरान सड़कों से संबंधित मुद्दे विधानसभा में गूंजे। बजट चर्चा में बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि मौजूदा समय में लोक निर्माण विभाग का बजट घटाया गया है। सड़कें यातायात का मुख्य साधन है, इसलिए लोक निर्माण विभाग का बजट बढ़ना चाहिए था। उन्होंने कहा कि बहुत-सी सड़कें विधायक निधि, सांसद निधि और पंचायतों के माध्यम से बनी है, इसलिए ऐसी सड़कों का कार्य पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सड़क योजना के लिए रखे गए 100 करोड़ की बजट से की जाएं।



उधर, चौपाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सबसे अधिक विकास गांव में होता है, लेकिन इस बार बजट अनुमान में लोक निर्माण विभाग को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग का बजट में 700 करोड़ की कटौती की गई है।

वहीं, करसोग के विधायक दीपराज ने कहा कि करसोग में सड़कों की हालत बहुत खराब है, जो लोग ऐसी सड़कों पर बस में सफर करते हैं, उनको कपालभाति की जरूरत नहीं पड़ती है। नाबार्ड और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाओं की डीपीआर वापस लौटाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन और उद्योगों के लिए सड़कें महत्वपूर्ण है। जब सड़कें ठीक होंगी, तभी पर्यटक और उद्योग भी प्रदेश में आएंगे।

### सड़कों के बजट में आई भारी कमी : अनिल

**मंडी** के विधायक अनिल शर्मा ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि सड़कें हमारी भाग्य रेखाएं हैं.। उन्होंने कहा कि विकास के लिए 9,989 रुपए का प्रावधान था, जिसमें वर्ष 2025-26 में कमी की गई है। पहले सड़के सरकार के अपने वित्तीय संसाधनों से बनती थी, लेकिन अब नाबार्ड, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नेशनल हाइवे और फोर लेन के माध्यम से सड़के बन रही है। मंडी जिला से 9 विधानसभा क्षेत्र हैं, यहां से नाबार्ड के लिए एक भी सड़क नहीं भेजी गई है।

## शिमला-मटौर फोरलेन निर्माण में अवरोध का सदन में गूंजा मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल विधानसभा के बजट सत्र मे शून्य काल के दौरान ज्वालामुखी से सत्तापक्ष के विधायक संजय रतन ने बताया कि शिमला-मटौर फोरलेन के निर्माण के दौरान देहरियां पंचायत में नादौन पुल तक एनएचएआई ने सड़क को 70 फुट तक खोद दिया है। गांवों के लिए जाने के रास्ते और सड़कें खराब कर दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि जो डीपीआर बनती हैं, तो वे सही तरीके से बनें। उसे लोगों और गांवों को ध्यान में रखकर बनाया जाए। वह लोक निर्माण के ध्यान में भी लाना चाहते हैं कि आज छह महीने हो गए हैं। लोगों को आने-जाने की दिक्कत हो रही है। वह जल्दी से जल्दी लोगों को रास्ता दें, क्योंकि लोगों को इस असुविधा से बड़ी परेशानी हो रही है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सदन में विधायक के सवाल का जवाब देते हुए बताया कि उन्होंने एक मामले में बिलासपुर में जाकर बैठक भी करी है। वहां पर एनएचएआई ने 14 सड़कें डैमेज करवा दी है। वहां 14 करोड़ रुपए दिलाने का प्रयास किया गया है। इसे मुख्यमंत्री के ध्यान में भी लाया जाएगा। बिलासपुर में भी फ्लाई ओवर पुल का यही हाल है। पूर्व में क्या हुआ, क्या नहीं हुआ, वह इस पर नहीं जाएंगे। अपनी लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़नी होगी। चाहे सुप्रीम कोर्ट जाना हो या हाईकोर्ट ही जाना हो वह जरा भी नहीं हिचकिचाएंगे।






**चिंता** हिमाचल में हरित हाइड्रोजन में प्रौद्योगिकी को लेकर भी उठाया सवाल

## सिकंदर ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का उठाया मुद्दा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने सदन में राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन से संबंधित विषय रखा। उन्होंने संबंधित मंत्रालय से पूछा कि क्या मंत्रालय ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अंतर्गत बसों और ट्रकों में हाइड्रोजन के उपयोग के लिए कोई पायलट परियोजना शुरू की है? इन पायलट परियोजनाओं के लिए स्वीकृत कुल बजट का ब्यौरा क्या है? क्या मंत्रालय ने इस मिशन के अंतर्गत परिवहन क्षेत्र में पायलट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं? और क्या जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भरता कम करने तथा हिमाचल प्रदेश में हरित हाइड्रोजन में प्रौद्योगिकी और बाजार नेतृत्व को प्राप्त करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?




श्रीपाद येसो नाईक, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार का मंत्रालय भारत को ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव्स के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाने के उदेश्य से राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को कार्यान्वित कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के एक हिस्से के रूप में एमएनआरई 14 फरवरी 2024 को परिवहन क्षेत्र में ग्रीन हाइड्रोजन के प्रयोग हेतु पायलट परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए योजना दिशा निर्देश जारी किए। एआरएआई तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की अनुशंसा के आधार पर एमएनआरई ने कुल 37 वाहनों (बसों और ट्रकों) और 9 हाइड्रोजन ईंधन भरने के स्टेशनों सहित पांच पायलट परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। ये वाहन देश भर में 10 अलग-अलग मार्गों पर चलेंगे।

उन्होनें कहा कि 31 दिसंबर, 2030 को या उससे पूर्व चालू किए गए ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया संयंत्र और जो ग्रीन हाइड्रोजन या ग्रीन अमोनिया के उत्पादन के लिए अक्षय उर्जा का उपयोग करते हैं, उन्हें परियोजना के चालू होने की तिथि से 25 वर्ष की अवधि के लिए इंटर स्टेट पारेषण प्रणाली शुल्कों के भुगतान से छूट दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### शांता कुमार ने सीएम को दी जन्मदिन की बधाई




**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी। उसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को एक महत्वपूर्ण उद्घाटन के लिए पालमपुर आने का निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि जब वे सांसद थे तो कारगिल युद्ध के प्रथम शहीद सौरभ कालिया के नाम पर पालमपुर में सौरभ कालिया वन बिहार की स्थापना की थी। वन विभाग ने उसे बहुत अच्छे तरीक से बनाया और चला रहा है। उन्होंने अपनी सांसद निधि से कई करोड़ रुपए उस बिहार के लिए लगाए थे। अब सरकार और उनके प्रयत्नों से उसी बिहार में एक करोड़ रुपए की लागत से टॉय ट्रेन का निर्माण हुआ है। यह निमार्ण 15 अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि 15 अप्रैल के बाद टॉय ट्रेन परियोजना का उद्घाटन करने के लिए वह स्वयं पालमपुर में पधारें।

### प्लास्टिक कचरे के निष्पादन का सही तरीका बताया

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अभियान के तहत नूरपुर विकास खंड अधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में प्लास्टिक वेस्ट के बारे में ग्राम पंचायत सुलियाली, सदवां, गुरचाल व डन्नी आसपास की अन्यों पंचायतों में जाकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठकों में पंचायत सचिवों प्रधानों व वार्ड सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। बैठक में प्लास्टिक कचरे का सही निष्पादन कैसे करें इससे संबंधित लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान बैठक में खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार के साथ खंड समन्वयक सन्नी शाहन द्वारा लोगों व पंचायत प्रतिनिधियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के तहत लोगों को यह बताया गया कि पंचायत स्तर पर प्लास्टिक एकत्रित करके पंचायत द्वारा उसका निष्पादन किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी नूरपुर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के अंतर्गत ग्रांम पंचायत पन्द्रेहड में प्लास्टिक वेस्ट कचरा यूनिट लगाई गई है तथा हमने योजना तैयार की है, जिसमे ग्रांम पंचायतों से प्लास्टिक का साफ कचरा एकत्रित करके ग्रांम पंचायत पंद्रेहड़ में पहुंचाया जाए।

### मस्तगढ़-कालदू-हरिया सड़क गड्ढों में तब्दील

**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपमंडल जवाली के तहत आने वाली मस्तगढ़-कालदू वाया हरिया सड़क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। मार्ग के क्षतिग्रस्त होने की वजह से यहां पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। कभी भी किसी वाहन चालक के लिए जानलेवा सिद्ध हो सकता है। यह स्थिति पिछले लंबे समय से ऐसी ही बनी हुई है। इस सड़क मार्ग पर प्रतिदिन काफी बड़े व छोटे वाहन आवाजाही करते हैं, लेकिन इस जगह पर पहुंचते ही वाहन चालक विभाग को कोसते नजर आते हैं। ग्रामीणों मुकेश कुमार, सुशील कुमार, राकेश शर्मा, विजय शर्मा सहित राहगीरों व वाहन चालकों का कहना है कि ठेहडू गांव के पास सडक़ के उखड़ने व पड़े बड़े-बड़े गड्ढों से वाहन ले जाना काफी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह सड़क किसी मुसीबत से कम नहीं है। इसमें डाली गई मिट्टी व सोलिंग इधर-उधर बिखरी पड़ी है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग मंत्री, मुख्यमंत्र, कृषि मंत्री व लोक निर्माण विभाग जवाली से मांग की है कि इस मार्ग की शीघ्र दशा सुधारी जाए, ताकि राहगीरों सहित वाहन चालकों को किसी बड़ी मुसीबत का सामना न करना पड़े।

### उपभोक्ता समय पर करें बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्त ाओं ने अभी तक अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, वे उपभोक्त ा 29 मार्च से पहले अपने बिजली बिल का भुगतान कर दें. उपभोक्त ा अपने बिजली बिल का भुगतान ऑनलाइन मोड, गूगल पे, फोन पे, तथा पेटीएम के माध्यम से भी कर सकते हैं, बिजली बिल का भुगतान न करने की स्थिति में बिना किसी आगामी सूचना के बिजली का कनेक्शन अस्थाई रूप से काट दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने जनता से समय पर बिजली बिल का भुगतान करने की अपील भी की है।

# धर्मशाला खेल परिसर में अत्याधुनिक उपकरणों से लैस जिम का शुभारंभ

## डीसी हेमराज बोले, खिलाड़ियों की एकाग्रता बढ़ाने को योग का सत्र भी चलेगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कांगड़ा जिला में खेलकूद गतिविधियों के विस्तारीकरण तथा आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए आवश्यक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। बुधवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने धर्मशाला के खेल परिसर में पुराने उपकरणों को हटाकर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस जिम का शुभारंभ किया।

उपायुक्त ने कहा कि खेल परिसर की इंडोर स्टेडियम का उचित रखरखाव करने के निर्देश भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए गए हैं। ताकि खिलाड़ियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जिला युवा एवं खेल सेवाएं विभाग के अधिकारियों को खेल परिसर के विस्तारीकरण के लिए आवश्यक प्लान तथा प्राकल्लन तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आवश्यक बजट का प्रावधान किया जा सके।

हेमराज बैरवा ने कहा कि नुरपुर, जयसिंहपुर, नगरोटा बगवां, बैजनाथ तथा चंबी में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इन स्थानों में निर्मित स्टेडियमों के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने तथा उचित देखभाल के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि खेल परिसर धर्मशाला में योगा के सत्र भी आयोजित किए जाएंगे ताकि खिलाड़ियों की एकाग्रता को बल मिल सके इस के लिए भी युवा खेल सेवाएं विभाग को आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया है। इससे पहले जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी सन्नी कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए खेल गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर आईएएस प्रोबेशन डा अंजलि सहित युवा सेवाएं खेल विभाग के विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

# हिमाचल में सूखे की स्थिति का जायजा ले केंद्रीय टीम : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने केंद्र सरकार से हिमाचल प्रदेश में सूखे की मार झेल रहे किसानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय टीम भेजने की मांग की है। संसद में डॉ. राजीव भारद्वाज ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान को बताया कि हिमाचल प्रदेश में इस बार सामान्य से 90 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है और ऐसे में राज्य के किसान परेशान हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में 3 लाख 26 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती की जाती है, लेकिन भयंकर सूखे के बजह से इस बार मात्र 30, 000 हेक्टेयर क्षेत्र पर ही गेहूं की खेती की जा रही है और उसमे भी फसल की क्षीण संभावना है। उन्होंने बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र कांगड़ा में 92000 हेक्टेयर भूमि और चंबा में 30, 000 हेक्टेयर भूमि की फसल सूखे की चपेट में है। उन्होंने सूखे से त्रस्त किसानों के लिए उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

## एयरपोर्ट्स के विकास पर 4400 करोड़ खर्च : गोस्वामी



**धर्मशाला।** राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने द्वारा संसद में पूछे गए एक प्रश्न में केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि उड़ान योजना के अंतर्गत पिछले आठ सालों के दौरान 88 हवाई अड्डों, 13 हेलिपोर्टस और दो वाटर एरोड्रोमेस के माध्यम से अब तक 625 आरसीएस मार्गों का परिचालन किया गया। उन्होंने बताया कि उड़ान योजना के अंतर्गत 2.97 लाख आरसीएस उड़ानों के माध्यम से 149 लाख भारतीय यात्रियों ने हवाई सफर किया। उड़ान योजना के संचालन के लिए 19 मार्च 2025 तक हवाई अड्डों के विकास और पुनरुद्धार के लिए कुल 4400 करोड़ खर्च किए गए।

# एक जैसे नाम होने पर गलत व्यक्ति के खाते में चले गए पैसे

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



**अब मांगने पर पैसे नहीं लौटा रहा व्यक्ति, थाने में मामला दर्ज**

हरकिशन सिंह निवासी पठानकोट, जिसका हिमाचल के गांव टिप्परी में ओम स्टोन क्रशर है उसने थाना डमटाल में शिकायत दर्ज कराई के उसके एक कर्मी द्वारा गलती से दो लाख की राशि रमजानदीन पुत्र यूसुफ निवासी भदरोया के नाम पर ट्रांसफर कर दी थी। उसने रमजानदीन को बताया कि गलती से उसके खाते में दो लाख रुपए की राशि ट्रांसफर हो गई है। उसने रमजानदीन से राशि लौटाने की अपील की, लेकिन रमजानदीन ने राशि लौटाने से मना कर दिया। उल्टा उसने उसे धमकी दी कि यदि उससे पैसे मांगे तो वह हरकिशन के ऊपर तंग करने तथा हरासमेंट का मामला दर्ज करवा देगा। हरकिशन सिंह ने बताया कि एक जैसे नाम होने की वजह से पैसे गलत बैंक खाते में ट्रांसफर हो गए। उन्होंने असली रमजानदीन को फोन कर पूछा कि उसको पैसे मिल गए हैं, तब उसने कहा कि उसके खाते में कोई पैसा नहीं आया है। तब उन्हें गलती का एहसास हुआ कि इसी नाम के रमजानदीन भुट्टो के खाते में यह पैसे ट्रांसफर हो गए हैं। उन्होंने इस बाबत डमटाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कर दी है। इसकी पुष्टि डीएसपी एसडीपीओ इंदौरा संजीव यादव ने की है। (अनंत ज्ञान)

# पालमपुर नगर निगम आज पेश करेगा बजट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** नगर निगम पालमपुर वर्ष 2025-26 के लिए वीरवार को बजट पेश करेगा। बजट से पहले सदन बैठक का अयोजन किया जाएगा, जिसमें महापौर, उपमहापौर एवं सभी सम्मानित पार्षदगण उपस्थित रहेंगे। बजट को लेकर अभी से निगम के तहत आने वाले लोगों निगम से कुछ नई योजनाओं की उम्मीदें हैं। बताया जा रहा है कि इस बार नगर निगम नया कर भी लगा सकता है। पिछले बजट की बात करें तो नगर निगम पालमपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 40 करोड़ रुपए का बजट पारित किया था। नगर निगम ने बजट में कोई नया कर शामिल नहीं किया था, जबकि शहर के लिए कई कल्याणकारी उपाय जोड़े थे। हालांकि पिछली योजनाओं को लेकर नगर निगम की आर्थिकी में मुनाफा हुआ या नुकसान इसका खुलासा भी बैठक में हो जाएगा।

# पूर्व सैनिक सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना के 12 छात्र आर्मी में सिलेक्ट

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**






पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां द्वारा संचालित सेना भर्ती कोचिंग सेंटर लूहना में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कोचिंग सेंटर से प्रशिक्षण प्राप्त कर सेना में भर्ती हुए 12 युवाओं चंबा से पीयूष महाजन, हमीरपुर से नीतिन शर्मा, शुभम शर्मा, रजत शर्मा, नीरज, मंडी से हर्ष, अशुंल ठाकुर, अक्षय कुमार, देहरा से अभिमन्यू, बिलासपुर से अंकित और विवेकानंद और मंडी से संजीव कुमार को मुख्यातिथि कर्नल रमेश वालिया ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन कर्मचंद धीमान ने भर्ती हुए युवकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सेंटर के निदेशक पवन डोगरा ने बताया कि इस समय जून 2025 में होने वाली सेना भर्ती के लिए लिखित व शारीरिक विषय पर बैच चलाया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों के युवा ट्रेनिंग ले रहे हैं। इस अवसर पर सूबेदार मेजर सिकंदर, सूबेदार मेजर परस राम, पूर्व सैनिक सतीश कुमार और राजिंद्र कुमार व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अनंत एजुकेशन / करियर

### Job Opportunity — अनंत ज्ञान

**बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में पाएं नौकरी**



जूनियर क्लर्क
- कुल 199 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 33 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- आवेदन करें : bhu.ac.in

**बिहार में होमगार्ड बनने का अवसर**

होमगार्ड
- कुल 15000 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 16 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 19 से 40 वर्ष
- न्यूनतम शिक्षा: 12वीं पास
- पता: दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन
- आवेदन करें : http:onlinebhg.bihar.gov.in/

**दिल्ली मेट्रो में नौकरी पाने का मौका**



सुपरवाइजर
- कुल 2 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 55 से 62 वर्ष
- आवेदन करें: ऑफलाइन
- पता: दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

**भारतीय सेना में बनें अग्निवीर**


जीडी, टेक्निकल, क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, ट्रेडसमैन, सैनिक फार्मा
- आवेदन की अंतिम तिथि 1 0 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 17 वर्ष 6 माह से 21 वर्ष
- आवेदन करें: joinindianarmy.nic.in.


**इंडियन नेवी में करें ट्राई**

लस्कर्स, फायरमैन, बो क्रू
- कुल 327 पद
- आवेदन की अंतिम तिथि 01 अप्रैल 2025
- आयु सीमा : 18 से 25 वर्ष
- आवेदन करें: joinindiannavy.gov.in

**रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र**

# परीक्षा में करंट अफेयर्स की अहमियत





लकेश चंदेल
जिला बिलासपुर

**आजकल प्रतियोगिता का युग है। जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। कठिन परिश्रम तथा उचित मार्गदर्शन सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। करंट अफेयर्स किसी भी परीक्षा के लिए बहुत ही जरूरी है। हर परीक्षा में इसका अपना एक वेटेज होता है। जीवन में करंट अफेयर्स का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमें दुनिया और अपने समाज के बारे में जागरूक बनाता है, जिससे हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद होती है तथा हम सार्थक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। करंट अफेयर्स यानी समसामयिकी जिसे पढ़ना और जानना बेहद जरूरी है इससे जानकारी के साथ साथ पर्सनालिटी डवलेपमेंट भी होती है। विश्व, देश और हमारे आस पास तमाम जगहों की खबरों से रू-ब-रू रहना, हमें समाज में एक जागरूक नागरिक बनाने में मदद करता है। विद्यार्थी जीवन में करंट अफेयर्स का ज्ञान बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें देश दुनिया के बारे में जागरूक बनाता है, विभिन्न विषयों पर अपनी राय बनाने में भी मदद करता है तथा विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भरकर उनके व्यक्ति त्व का विकास भी करता है। करेंट अफेयर्स से तात्पर्य दुनिया भर में होने वाली उन घटनाओं से है जो वर्तमान समय में हो रही है। इनमें राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान, खेल और सामाजिक मुद्दों से संबंधित समाचार शामिल होते हैं।**

### ये आदतें दिलाएंगी सफलता

**करंट** अफेयर्स के महत्व को समझना बहुत जरूरी है, खासकर उन लोगों के लिए जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। करंट अफेयर्स से अपडेट रहकर, उम्मीदवार अपने सामान्य ज्ञान को बढ़ा सकते हैं और विभिन्न परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। दैनिक समाचार पत्र पढ़ना, रेडियो-टेलीविजन पर समाचार सुनना व देखना व विश्वसनीय समाचार वेबसाइट पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। करंट अफेयर्स की विभिन्न समसामयिक मासिक पत्रिकाएं भी करंट अफेयर्स की तैयारी में अहम भूमिका निभाती हैं। जानकारी से अपडेट व्यक्ति आत्मविश्वास से भरा होता है व कार्यप्रणाली में एक अलग ऊर्जा दिखाई देती है।

# रुचि और क्षमता के अनुसार तय करें जीवन का लक्ष्य

**लक्ष्य का निर्धारण करना हर व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। वर्तमान समय में करियर निर्माण के क्षेत्र में अनगिनत विकल्प उपलब्ध हैं जिनमें अभ्यर्थियों को चयन करके अपने जीवन में अपने करियर का निर्धारण करना होता है। वर्तमान समय विज्ञान और तकनीक का युग है सभी के पास अपने भविष्य को लेकर अनेक विकल्प उपलब्ध हैं, आवश्यकता है तो केवल अपनी अभिरुचि और क्षमताओं को जानने और समझने की। ज्यादातर यह देखा गया है कि युवा बिना मार्गदर्शन और निर्देशन प्राप्त किए अपने लिए ऐसा करियर चुन लिया करते हैं, जिससे वह बाद में अपने लिए तनावपूर्ण और अरुचिकर महसूस करते हैं।**






विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
चंबा, हिमाचल प्रदेश

### रुचिहीन क्षेत्र में काम करने से बोझ लगने लगता है काम

**लक्ष्य** अगर अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार चुना जाए तो जीवन आनंदमय बनकर सार्थक बन जाता है, परंतु यदि ऐसा क्षेत्र चुना जाए जो बोझिल लगने लगे तो जीवन में तनाव और हताशा उत्पन्न होता है। अतः यह आवश्यक है कि लक्ष्य का चुनाव भलीभांति सोच समझ कर, उचित मार्गदर्शन प्राप्त करके और करियर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श करके करना चाहिए और ऐसा लक्ष्य हो, जिसमें दवाब न होकर अनुराग हो तो जीवन और करियर में सामंजस्य स्थापित हो जाता है और व्यक्ति की क्षमता बढ़ जाती है और कार्य क्षेत्र में उत्पादकता भी बढ़ जाती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** कई बार माता-पिता अपनी इच्छा के अनुरूप बच्चों को करियर अपनाने पर बाध्य करते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे मां-बाप की उम्मीद पूरी करने में मजबूर हो जाते हैं और जीवन में अनावश्यक तनाव से ग्रसित हो जाते हैं। उनके लिए जीवन मात्र बोझ बन जाता है। जीवन सबसे अनमोल है और लक्ष्य का चयन करते समय जीवन में सकारात्मक सोच को सदैव ध्यान में रखना चाहिए।

# हाई स्कूल के विद्यार्थियों के लिए करियर चयन में इंटर्नशिप की अहम भूमिका

**बच्चों को अपने व्यावसायिक कौशल को सुधारने का अवसर**

**इंटर्नशिप** हाई स्कूल के छात्रों के लिए करियर चयन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव देती हैं और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में काम करने का अवसर मिलता है। इसके माध्यम से वे यह समझ सकते हैं कि कौन से करियर उनके रुचि और क्षमताओं के अनुसार हैं। इंटर्नशिप्स के दौरान छात्र अपने व्यावसायिक कौशल को सुधार सकते हैं जैसे कि संचार, समस्या सुलझाना, टीमवर्क और समय प्रबंधन। ये सभी कौशल भविष्य में करियर के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इसके अलावा, इंटर्नशिप्स छात्रों को पेशेवर नेटवर्क बनाने का अवसर भी देती हैं। वे विभिन्न उद्योगों के विशेषज्ञों से मिल सकते हैं, जो उन्हें मार्गदर्शन और भविष्य में नौकरी के अवसर दे सकते हैं।

### ऐसे मददकार बनती है इंटर्नशिप

**इंटर्नशिप** छात्रों को यह समझने में मदद करती हैं कि वे किस प्रकार के काम में रुचि रखते हैं और किसमें नहीं। कई बार, जो करियर आकर्षक लगता है, वह काम करने पर उतना अच्छा नहीं लगता, और इंटर्नशिप्स यह स्पष्ट करने में मदद करती है। इसके अलावा, इंटर्नशिप्स कॉलेज के आवेदन पत्र को मजबूत बनाती हैं। कॉलेज ऐसे छात्रों को पसंद करते हैं, जिन्होंने वास्तविक दुनिया में अनुभव प्राप्त किया है। इंटर्नशिप्स से छात्र अपनी ताकत और जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर सकते हैं, जो उन्हें भविष्य में कॉलेज या नौकरी प्राप्त करने में मदद कर सकता है। इस प्रकार, इंटर्नशिप्स हाई स्कूल के छात्रों के लिए उनके करियर के रास्ते को स्पष्ट करने और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



सौरभ गुप्ता
करियर काउंसलर



# निरंतर अभ्यास से मिलेगी सफलता

**जिस** प्रकार पत्थर पर बार-बार रस्सी को खींचने से निशान पड़ जाते हैं। उसी प्रकार बार-बार अभ्यास करने से कोई भी व्यक्ति सफलता प्राप्त कर सकता है। निरंतर अभ्यास करना ही साधना का असली अर्थ है। जैसे एक विद्यार्थी के लिए विद्या प्राप्त करना उसके जीवन का महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जिसे प्राप्त कर ही वह अपना जीवन सुधार सकता है। उन्नति और सफलता का मूल मंत्र अभ्यास ही है। सफलता के लिए किया गया परिश्रम अभ्यास से ही फलित होता है। एक बार किया हुआ श्रम मन के अनुसार फल नहीं देता। बार-बार के अभ्यास से ही फल मिलता है। चाहे निर्माण कार्य हो, कला कौशल को सीखना हो, किसी लक्ष्य तक पहुंचना हो या विद्या अध्ययन हो सभी कार्यों में सर्वत्र अभ्यास की आवश्यकता है। यहां तक कि प्रतिभावान व्यक्ति भी यदि अभ्यास न करे तो वह आगे नहीं बढ़ सकता। किसी भी रचना में परिपक्वता अभ्यास से ही आती है। अभ्यास के बल पर एकलव्य प्रखर धनुर्धर, कालिदास, वाल्मीकि और तुलसीदास महाकवि, बोपदेव संस्कृत प्राकृत के समर्थ वैयाकरण, अमिताभ बच्चन सदी के महानायक और कपिल देव सदी के महान क्रिकेटर बने। निरंतर अभ्यास जीवन में साधना का एक रूप है, जिसका सुख साधक को स्वत: मिलता है। संसार के किसी भी क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति बिना अभ्यास के उच्चता या श्रेष्ठता को प्राप्त नहीं कर सकता।

## ज्ञान की बात

- हिमाचल सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कितने हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया? - 58514 करोड़ रुपए
- हिमाचल प्रदेश के किस जिले में राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला मनाया जाता है? - बिलासपुर
- हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में हाल ही में लोकल और पंजाब के युवाओं के बीच उपजे विवाद की वजह क्या थी? - विवादित झंडे
- न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच खेली गई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में कौन सी टीम विजेता रही? - न्यूजीलैंड
- आईपीएल-2025 में पहला शतक लगाने वाले खिलाड़ी कौन हैं? - इशान किशन (एसआरएच)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में देश के गरीब मुसलमानों के लिए कौन सी योजना शुरू की है? -सौगात-ए-मोदी
- दिल्ली हाईकोर्ट के किस जज के यहां करोड़ों रुपए कैश से बरी बोरियों मिलीं? - यशवंत वर्मा

## न्यूज ब्रीफ

### जसौर के सानू ने पास की नवोदय परीक्षा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** शिक्षा खंड नगरोटा बगवां की पाठशाला राजकीय प्राथमिक पाठशाला पल्ली (जसौर) के छात्र सानू पुत्र शशि कपूर व स्वर्णा देवी ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास करके अपने माता-पिता, अध्यापकों तथा अपने गांव का नाम रोशन किया है। सानू ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने अध्यापकों, माता-पिता, दादा-दादी तथा बड़ी बहन सुनैना चौधरी को दिया है।

### बिना सूचना के कटेगा बिजली का कनेक्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने उपमंडल सिद्धपुर के अंतर्गत आने वाले समस्त उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी बिजली उपभोक्ता अपना बिजली का बिल लंबित न रखें तथा इस माह की 28 मार्च 2025 तक भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर उपभोक्ता समय पर बिजली के बिल का भुगतान नहीं करेंगे तो उपभोक्ताओं का बिजली का कनेक्शन नियमानुसार बिना किसी आगामी सूचना के काट दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता अपने बिजली का भुगतान उपमंडल सिद्धपुर के कैश काउंटर तथा बोर्ड की वेबसाईटया फिर बोर्ड की ऐप से अपने बिल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि उपभोक्ता किसी भी प्रकार की सहायता या स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

### धरेड़ में किसानों को बांटे 'साइकिल प्लोह'

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के तहत कृषि में अर्गोनोमिक्स और सुरक्षा के तहत कृषि को आसान बनाने और शारीरिक तनाव को कम करने के लिए गांव धरेड़, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा के किसानों को एक नया उपकरण साइकिल प्लोह, वितरित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य कृषि कार्यों में श्रम को काम करने और मशीनीकरण को बढ़ावा देना था। प्रधान अन्वेषक डॉ. राधना गुप्ता ने पहाड़ी क्षेत्रों में खेती के तरीकों को बेहतर बनाने में कृषि यांत्रिकीकरण के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्होंने कुशल उपकरणों की आवश्यकता पर जोर दिया जो किसानों पर बोझ कम कर सकते हैं और समग्र उत्पादकता बढ़ा सकते हैं।

### वकीलों पर की टिप्पणी के लिए माफी मांगें विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस विधायक द्वारा नशे को लेकर वकीलों पर की गई टिप्पणी पर जिला बार एसोसिएशन धर्मशाला ने ऐतराज जताया है। वकील वर्ग भी हर प्रकार के नशे के खिलाफ है। विधायक द्वारा सत्र के दौरान चिट्टे के विषय को रखते हुए वकीलों पर प्रहार किया है, जिससे प्रदेश के वकील उनकी टिप्पणी से आहत हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट तरुण शर्मा ने कहा कि वकीलों पर की गई टिप्पणी को लेकर विधायक महोदय को सदन में माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम उन्हें भुगतने होंगे। विधायक की ओर से कहा गया है कि वकीलों और उनकी संपत्तियों की जांच होनी चाहिए। किस मामले में कौन दोषी है और बेगुनाह है, यह देखना न तो विधायक और न ही वकीलों का काम है, बल्कि यह कार्य न्यायाधीशों का है। उन्होंने कहा कि जिन विधायक महोदय ने वकीलों पर उंगली उठाई है, प्रदेश में उन्हीं की सरकार है, ऐसे में उन्हें चाहिए कि नशे के खिलाफ वे सरकार के माध्यम से सख्त कानून लेकर आए, जिससे कि नशा कारोबार में जुटे बड़े मगरमच्छों पर कार्रवाई की जा सके।

### टांडा कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मेडिकल कॉलेज टांडा के महराजा संसार चंद गेस्ट हाउस में 26 व 27 मार्च को प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनएमसी 2021 के जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम के तहत एक जिला अस्पताल की स्थापना में दिशा-निर्देशों के पालन में सुधार के लिए बाल चिकित्सा के लिए मानक उपचार वर्कफ्लो मुख्य अतिथि प्रो. मिलाप शर्मा प्रिंसिपल आरपीजीएमसी टांडा के साथ, डॉ. (मेजर) अवनिंदर शर्मा, अतिरिक्त निदेशक, डॉ. आरपीजीएमसी टांडा की उपस्थिति में हुआ। जिला रेजिडेंसी कार्यक्रम एनएमसी का एक ब्रेन चाइल्ड है, जहां मेडिकल कॉलेजों के स्नातकोत्तर छात्र विभिन्न जिला अस्पतालों में सेवा करते हैं, जिससे उनके एमडी पाठ्यक्रमों के दौरान क्षेत्र का अनुभव प्राप्त होता है।

### डाडासीबा में एसबीआई का एटीएम खराब

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** स्टेट बैंक आफ इंडिया के डाडासीबा में लगाया एटीएम तीन हफ्ते से खराब है, जिस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। जरूरत पड़ने पर यहां लोग प्रतिदिन पैसा निकालने आते हैं, लेकिन एटीएम खराब होने से उनको दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्टेट बैंक आफ इंडिया की एटीएम में आए दिन तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। यह लगभग तीन हफ्तों से एटीएम पर ताला लगा हुआ है। इस कारण लोगों को पैसा निकालने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां स्थापित एटीएम काम नहीं करती है। उधर, नंगल चौक शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि एटीएम में तकनीकी खराबी के कारण एटीएम बंद है इस समस्या का समाधान करने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया है।

### तारा मंदिर क्लब ने जीता क्रिकेट होली कप

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** नगर परिषद मैदान कांगड़ा में जिला कांगड़ा क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से क्रिकेट होली कप सीजन-2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को क्रिकेट प्रतियोगिता के सीजन कप का फाइनल मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला तारा मंदिर क्लब कांगड़ा और शिवा वॉरियर्स बैजनाथ के बीच हुआ। इसमें तारा मंदिर क्लब कांगड़ा ने 31 रनों से मैच जीत कर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। वहीं, मुख्यातिथि ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलते हुए लक्ष्य हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। खिलाड़ी के जीवन में हार जीत कोई खास मायने नहीं रखती, बल्कि खिलाड़ी को हारने पर और ज्यादा मेहनत करनी चाहिए।

### कंपनी से मजदूरों को निकालने पर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले कम्पनी द्वारा बिना कारण व नोटिस के निकाले जा रहे मजदूरों को लेकर भामस के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा के नेतृत्व में कंपनी के मजदूरों भामस पदाधिकारियों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन व नारेबाजी की। कंपनी के मजदूरों का आरोप है कि उन्हें बिना कारण निकाला जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा बढ़ाया गया वेतनमान तथा उसका एरियर और बोनस तो बनता है नहीं दे रही है, जबकि इस संदर्भ में वह पहले भी कई बार कंपनी पदाधिकारियों को ज्ञापन दे चुके हैं। भामस के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा ने बताया कि भामस 28 मार्च को अब संसार पुर टैरस में अपनी रणनीति बनाएगी। मदन राणा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस में अधिकतर फैक्टरियों में मजदूरों का शोषण हो रहा है। 12-12 घंटे काम करवाया जा रहा है। मासिक वेतन भी समय पर नहीं दिया जा रहा और जो बोलता है उसे बिना कारण काम से निकाल दिया जाता है।

# 'गुड स्मार्टियन' बन बचाई लोगों की जान, प्रशासन ने दिया सम्मान

## धर्मशाला में डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले के पांच लोगों को नकद राशि के साथ किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सड़क दुर्घटना में घालय लोगों की सही समय में मदद कर उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले जिला कांगड़ा के पांच लोगों को 'गुड स्मार्टियन' योजना के तहत आज बुधवार को जिला प्रशासन व परिवहन विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

धर्मशाला में डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, एएसपी हितेश लखनपाल व आरटीओ प्रदीप कुमार ने घुग्घर के सुरेश वर्मा, समलोटी के प्रवेश शर्मा, नगरोटा बगवां के मंजीत कुमार तथा धमेटा के सुभाष चंद और सरदार निक्का सिंह को 'गुड स्मार्टियन' होने के नाते उनको प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### सड़क सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी, बिना किसी संकोच करें घायलों की मदद : एडीसी

**जिला** स्तरीय रोड सेफ्टी कमेटी तथा गुड स्मार्टियन योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह केवल किसी विभाग या संस्था की नहीं अपितु सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने और घालयों को मदद मुहैया करवाने के लिए सबको आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बिना किसी संकोच के तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाना चाहिए, ऐसा करने पर किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई मदद करने वाले व्यक्ति पर नहीं होगी और अस्पताल को भी प्राथमिकता पर घायल का उपचार करना होगा।




इसके अलावा योजना के तहत पांच हजार रुपए का नकद पुरस्कार प्रत्येक गुड स्मार्टियन के बैंक खाते में परिवहन विभाग द्वारा डाला गया। 'गुड स्मार्टियंस' नामक योजना के तहत सड़क दुर्घटना में पीड़ित को हादसे के तुरंत बाद शुरुआती एक घंटे के भीतर में अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने का प्रयास करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र तथा 5 हजार का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की इस योजना का मकसद लोगों को सड़क हादसों में घायलों की मदद करने के लिए प्रेरित करना और दुर्घटना में मृत्यु के मामलों में कमी लाना है। बैठक का संचालन करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सड़कों में गड्ढे और ब्लैक स्पॉट सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी हिस्से में कोई ब्लैक स्पॉट या दुर्घटना संभावित स्थान हो तो उसकी जानकारी आरटीओ कांगड़ा कार्यालय को ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करवाएं।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई : एएसपी

**कार्यक्रम** में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश लखनपाल ने कहा कि परिवहन विभाग के आंकड़े के अनुसार 90 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाओं का कारण मानवीय चूक है। इसलिए सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सबसे अधिक जिम्मेदारी वाहन चला रहे व्यक्तियों की ही है। हमें नियमों का पालन कर पूरी सूझ-भूझ से सड़क पर चलना या वाहन चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न जगहों पर इंटेलिजेंस ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने पर विशेष फोकस किया जा रहा है ताकि सड़क से गुजरने वाले वाहनों की पूरी निगरानी की जा सके और अवेहलना करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# लिदबड़ मेला : तीसरे दिन करवाई महिलाओं की रोमांचक प्रतियोगिताएं

## प्रदेश पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली की पत्नी रहीं मुख्यातिथि

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का तीसरा दिन नारी सर्वत्र पूज्यते की विशेष मुहिम के साथ मां शक्ति को समर्पित किया गया। सारा दिन अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नगरोटा विधानसभा के क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिलाओं के लिए आकर्षक खेल तंबोला रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर रेस और स्पून रेस, जैसी आकर्षक खेलों का आयोजन हुआ। नगरोटा क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ, जिसमें नगरोटा की लड़कियों और महिलाओं ने भाग लिया। निमो चौधरी लोहिताक्षी और रंजना कुमारी ने लोकगीतों से सभी का मनोरंजन किया। महिला मंडल और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने हिमाचल के पारंपरिक लोक नृत्य



जमाकड़ा के आयोजन से सभी का खूब मनोरंजन किया।

मेले के तीसरे दिन के कार्यक्रम की मुख्यातिथि पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली की पत्नी भूमिका बाली और उनकी बहन रत्ती बाली रहीं। कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका मेला कमेटी सदस्यों ने माता की तस्वीर देकर स्वागत किया। उन्होंने महिलाओं की प्रतियोगिताओं और नृत्यों को बैठकर देखा और उनकी प्रशंसा की। नींबू रेस में सोनाली प्रथम, काजल द्वितीय और सोनीका ने तृतीय स्थान हासिल किया। म्यूजिकल चेयर में शिल्पा प्रथम और श्रेष्ठा देवी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। 5 वर्ष तक के बच्चों के शो में बृशाक प्रथम, अद्ववीक द्वितीय, आव्या तृतीय और आर्या ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। रस्साकशी में पठियार महिला मंडल विजेता रहा।

सौंदर्य प्रतियोगिता 18 से 30 वर्ष वर्ग में प्रथम कोमल शर्मा और साक्षी द्वितीय रही। 30 से 50 वर्ग में सोनाली प्रथम निर्मला द्वितीय रही। 50 वर्ष से ऊपर वर्ग में स्वर्णा देवी प्रथम और नमिता मेहरा द्वितीय स्थान पर रहीं। मुख्यातिथि भूमिका बाली और रत्ती बाली ने नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के सभी वासियों को लिदबड़ मेले के जिला स्तरीय से राज्य स्तरीय होने के लिए बधाई दी। उन्होंने सभी मेला कमेटी सदस्यों की आयोजन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने दिन की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम बांटे।

### 10 वीर नारियां और पूर्व सैनिक सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** 4-जीआर गोरखा रजिमेंट पठानकोट की ओर से जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते दाड़ी मेला मैदान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल रमेश रसोली ने शिरकत की। इस दौरान 10 वीर नारियों व पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेडिकल जांच कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मरीजों की जांच व दवाईयां वितरित की गई। साथ ही सीएसडी की सुविधा भी दाड़ी मैदान में ही सैन्य परिवारों के लिए उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में 4-जीआर की ओर से पूर्व सैनिकों उनके परिवारों व आश्रितों के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं, प्रोजेक्ट स्पर्श, इन-सेतु गवर्नेंस रिडरसेल व अन्य सुविधाओं के बारे में बताया किया। कार्य, म में गोरखा रजिमेंट के जवानों ने कुंकरी डांस की शानदान प्रस्तुति दी। इसके अलावा सेना से जुड़े हुए परिवारों व कलाकारों ने भी विभिन्न कार्यक्रमों से खूब समां बांधा। इस मौके पर 250 से अधिक पूर्व सैनिक, वीर नारियां व उनके परिवार मौजूद रहे।

## हैप्पी बर्थडे



अणु खुर्द (हमीरपुर) के युवान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### तृप्ता स्कूल चलवाड़ा में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञानल, जवाली।** तृप्ता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चलवाड़ा में सीबीएसई की ओर से टीचर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में सेवानिवृत्त सीनियर मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक रविंदर सिंह राणा ने शिरकत की। ट्रेनिंग का मुख्य विषय वित्तीय साक्षरता और डिजिटल उपकरण था। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राणा और समस्त स्टाफ ने रिसोर्स पर्सन रविंदर राणा का विद्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया सबसे पहले प्रधानाचार्य राकेश राणा और रिसोर्स पर्सन रविंद्र सिंह राणा ने द्वीप प्रज्वलित किया गया उसके उपरांत विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा द्वारा मुख्य रिसोर्स पर्सन रविंद्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने ने वित्तीय साक्षरता और डिजिटल उपकरण की जानकारी देते हुए कहा कि हमें बचत करनी चाहिए बचत हमें क्यों करनी बचत से हमें अपने परिवार और आने वाले जीवन को सुरक्षित रखना चाहिए बचत का मुख्य उद्देश्य संकट की स्थिति में काम आना और भविष्य में बचत से जीवन को सुरक्षित करना है हमें अपने सपनों को पूरा करने के लिए म्युचल फंड में इनवेस्ट करनी चाहिए।

# स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, जवाली**

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में 26 मार्च को वार्षिक समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस आयोजन में राजेश कुमार को चीफ गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ लैंप लाइटनिंग के साथ सरस्वती वंदना द्वारा कार्यक्रम किया गया तथा स्वागतम भाषण द्वारा वहां पर आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया।

प्री-नर्सरी तथा नर्सरी के बच्चों द्वारा स्वागतम डांस, कार्टून थीम, बॉलीवुड जूनियर डांस, फनी बॉलीवुड डांस की बहुत ही अच्छी प्रस्तुति प्रदर्शित की गई। चीफ गेस्ट के द्वारा नर्सरी से दूसरी कक्षा के पोजीशन होल्डर विद्यार्थियों को ट्रॉफीज भेंट की गई। प्रथम क्लास के बच्चों की भांगड़ा डांस तथा सेकंड क्लास के बच्चों के सालसा डांस ने वहां पर उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। साथ ही



तीसरी तथा चौथी कक्षा के बच्चों ने ऐसा डांस किया, जोकि पुराने तथा युवा पीढ़ी के बीच अंतर को प्रदर्शित करता है। पांचवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने लगान गाने पर डांस किया जो कि लोगों में जोश तथा हिम्मत को बढ़ावा देता है।

छठी कक्षा के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश एक्ट प्रस्तुत किया गया। सातवीं और आठवीं कक्षा के छात्रों द्वारा हॉरर एक्ट डांस की बहुत ही बढ़िया प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। दसवीं तथा ग्यारहवीं की छात्र-छात्राओं द्वारा गिद्दा, नाटी तथा भांगड़ा का बहुत ही धमाकेदार प्रदर्शन किया गया, जिसे वहां पर बैठे सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

तीसरी से बारहवीं कक्षा के पोजीशन होल्डर बच्चों को चीफ गेस्ट द्वारा ट्रॉफीज भेंट की गई। स्कूल प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र तथा प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को निखिल स्कॉलरशिप ट्राफीज तथा 21000 रुपए राशि देकर सम्मानित किया गया।

### दीपक रेलवे बोर्ड जेडआरयूसीसी के सदस्य नामित

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कांगड़ा नूरपुर से संबंध रखने वाले प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक व्यक्ति दीपक भारद्वाज को भारत सरकार के रेल



मंत्रालय (उत्तरी रेलवे) के रेलवे बोर्ड-जेडआरयूसीसी के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उनका नामांकन रेल मंत्रालय द्वारा 'विशेष रुचि' की श्रेणी में आता है। यह नई नियुक्ति दीपक भारद्वाज के करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सार्वजनिक सेवा के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। दीपक भारद्वाज दिल्ली और अंबाला के लिए डीआरयूसीसी के सदस्य भी रहे हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रभावी योगदान दिया है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रेल मंत्रालय के भीतर अपनी नई भूमिका में इस मूल्यवान विशेषज्ञता को लाएंगे। दीपक भारद्वाज अपने कॉलेज के दिनों से ही राजनीति में सक्रिय हैं।

### सीयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर करवाई संगोष्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-एक में पत्रकारिता और जनसंचार विभाग की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान प्रणाली' पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया।

इसमें प्रो. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता अकादमिक बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। वहीं निदेशक आईक्यूएसी प्रो. मोहिंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर इस संगोष्ठी में भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान मुख्य वक्ता प्रो. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता अकादमिक ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के महत्व और आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को एकीकृत करने की भूमिका पर एक सारगर्भित व्याख्यान दिया, जिसमें उनके द्वारा बहु-विषयक शिक्षा और भारत की समृद्ध शैक्षिक विरासत को समकालीन शिक्षा संरचना में बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### अवैध खनन करने पर दो ट्रकों तीन ट्रैक्टरों पर 35 हजार जुर्माना

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस चौकी संसारपुर टैरेस के अंतर्गत अमरोह स्वां खड्ड में खनन विभाग की एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। माइनिंग विभाग की टीम ने बुधवार को अमरोह स्वां खड्ड में निरीक्षण के दौरान ट्रक, टिप्परों और ट्रैक्टरों की चेकिंग की। इस दौरान दो ट्रक और तीन ट्रैक्टर अवैध खनन में लिप्त पाए गए। विभाग ने अवैध खनन करने पर इन पर 35 हजार जुर्माना लगाया है। खनन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।

### नशा तस्कर के अवैध कब्जे पर चली जेसीबी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** युद्ध नशों के विरुद्ध अभियान के तहत पठानकोट जिले के सुजानपुर में पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई है। नशा तस्करी के 11 मामलों में नामजद अरोपी की ओर से किए गए कब्जे को जेसीबी से गिरा दिया गया। पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई पूरे पंजाब में की जा रहे है। अवैध कब्जों के खिलाफ चलाएगी मुहिम के दौरान खुद एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों भी मौजूद रहे। एसएसपी ने बताया कि आपराधिक मामलों में वांछित लोगों को कानून का कोई डर नहीं रहता है, जो कि आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहता है। पुलिस की ओर से ऐसे ही लोगों की खिलाफ दस्तावेजों की जांच करने पर पता चला कि 11 मामलों में आरोपी नामजद है, जिसमें सभी मामले नशा तस्करी से संबंधित है, जिसकेबाद अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की गई है।

### अफीम की खेती करने पर अरोपी पुलिस गिरफ्त में

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एस पी अशोक रतन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत एक गुप्त सूचना के आधार पर थाना डमटाल को सूचित किया गया के अंतर्गत गांव सूरजपुर झिखला में एक व्यक्ति अफीम की खेती कर रहा है, जिसके चलते थाना डमटाल के



अतिरिक्त थाना प्रभारी देवराज शर्मा मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने मौके पर पहुंचकर 344 अफीम के पौधे बरामद किए। यह खेती अवैध तौर पर की जा रही थी। आरोपी प्रवीण शर्मा उर्फ गोल्डी को पुलिस हिरासत ले लिया गया है तथा उसके ऊपर एनडीपीएस की धारा 18 के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसकी पुष्टि सीडीपीओ इंदौरा संजीव यादव द्वारा की गई है।

### श्रद्धालुओं से भरा ऑटो रिक्शा पलटा, दो घायल

**अनंत ज्ञान, ढलियारा।** पुलिस थाना देहरा के अंतर्गत ढलियारा में श्रद्धालुओं से भरा एक गुड्स कैरियर ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें सिविल अस्पताल देहरा में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ऑटो रिक्शा में करीब सात से आठ लोग सफर कर रहे थे और सभी एक ही परिवार के थे। श्रद्धालुओं का जत्था गुड्स कैरियर ऑटो रिक्शा से लुधियाना से बगलामुखी मंदिर बनखंडी में माथा टेकने आ रहे थे। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग 503 पर स्थित ढलियारा में एक तीखे मोड़ पर ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर क्रैश बैरियर से टकराकर पलट गया। हादसे में दो श्रद्धालुओं को हल्की चोटें आईं। डीएसपी देहरा अनिल ने बताया कि श्रद्धालु बगलामुखी मंदिर आ रहे थे। ढलियारा के निकट उनका वाहन स्किड हो गया और पलट गया। हालांकि में सभी लोग सुरक्षित हैं।

# निर्वासित तिब्बती संसद में स्टाफ मेस के बजट को दी गई मंजूरी

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज में 17वीं निर्वासित तिब्बती संसद के नौवें सत्र की शुरुआत अध्यक्ष खेंपो सोनम तेनफेल की अध्यक्षता में वित्त विभाग (डीओएफ) के बजट पर विचार-विमर्श और स्पष्टीकरण के साथ हुई। सत्र में वित्त विभाग, तिब्बती प्रशासन कल्याण सोसायटी (टीएडब्ल्यूएस), परम पावन दलाई लामा चैरिटेबल ट्रस्ट, सामाजिक और संसाधन विकास कोष (एसएआरडी) और स्टाफ मेस के बजट को मंजूरी दी गई। इस दौरान काशाग द्वारा कटौती के लिए रखे गए प्रस्ताव के बाद एसएआरडी के सुरक्योल बजट को मंजूरी दी गई। वित्त विभाग के वर्तमान कलोन सिक्योंग व निर्वासित तिब्बत सरकार के राष्ट्रपति पेनपा त्सेरिंग ने उठाए गए सवालों के जवाब में स्पष्टीकरण दिया। इनमें वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने के प्रयासों, भूमि स्वामित्व हस्तांतरण के लिए आवश्यक निधि, सीटीए के अलग से रखे गए कोष, ग्रीन बुक (तिब्बती स्वैच्छिक योगदान) और सिविल सेवक पेंशन सहित अन्य विषयों पर चर्चा शामिल थी। सत्र में धर्म और संस्कृति विभाग के बजट पर विचार-विमर्श और अनुमोदन के साथ आगे बढ़ा। डीओआरएंडसी के विशेष आवर्ती बजट और सुरक्योल बजट दोनों पर कटौती के प्रस्ताव रखे गए, जबकि डीओआरएंडसी के तहत तिब्बती प्रदर्शन कला संस्थान के बजट के लिए वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। (अनंत ज्ञान)

**खेतीबाड़ी**

## कृषि विवि के कुलपति प्रो. नवीन कुमार की अध्यक्षता में हुआ उद्घाटन समारोह

# वैज्ञानिकों व किसानों को दिया खेती का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को भारत के प्राकृतिक खेती राष्ट्रीय मिशन के तहत प्राकृतिक खेती के केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। विश्वविद्यालय ने पहले दौर में सरकारी अधिकारियों के लिए दो तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण और वैज्ञानिकों तथा किसान मास्टर ट्रेनरों के लिए एक चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, कृषि, बागवानी, पशुपालन, आत्मा, डीआरडीए आदि विभागों से 52 राज्य और जिला स्तर के अधिकारी, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर और डॉ. वाईएस परमार बागवानी और वन विश्वविद्यालय, नौनी, सोलन से 8 वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्रों के 16 वैज्ञानिक और कांगड़ा, सोलन, शिमला, ऊना, मंडी, हमीरपुर जिलों से 6 किसान मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए शामिल हुए।

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिनमें राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के दिशानिर्देश, प्राकृतिक खेती के सिद्धांत और इसकी शुरुआत, विभिन्न हितधारकों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां, विस्तार प्रणालियां, फसल उत्पादन प्रणाली, किसानों के लिए सहायता प्रणाली, भूमि स्वास्थ्य प्रबंधन, पशुधन प्रणाली का एकीकरण, पौधों की सुरक्षा, सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों का क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना और विभिन्न जैव-फार्मूले तैयार करना शामिल था।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन समारोह प्रो. नवीन कुमार कुलपति, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, प्रो. एसपी शर्मा, पूर्व अनुसंधान निदेशक और प्रो. एचएल शर्मा, विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के पूर्व डीन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। माननीय कुलपति ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती केंद्रों में से एक के रूप में मान्यता दी और वित्तीय सहायता प्रदान की। प्रो. एसपीशर्मा और प्रो. एचएल शर्मा ने विश्वविद्यालय द्वारा प्राकृतिक खेती केंद्र की स्थापना और प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक प्र, याओं के विकास में किए गए प्रयासों की सराहना की।

डॉ. विनोद शर्मा, विस्तार निदेशक, डॉ. एमसी राणा, कृषि महाविद्यालय के डीन और डॉ. एमएच गीते, प्राकृतिक खेती विशेषज्ञ, मैनेज, हैदराबाद ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में सह-अध्यक्षता की और अपने विचार साझा किए।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम के जन्मदिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीएम सुक्खू के जन्मदिन पर हिमाचल यूथ कांग्रेस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिमला के रिज मैदान में में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं सहित आम लोगों ने भाग लिया। इस रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से कुछ समय निकाल कर इस शिविर में उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया और इस पुनीत कार्य के लिए कार्यकर्ताओं व रक्तदाताओं का धन्यवाद भी व्यक्त किया। यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष छत्तर ठाकुर ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आमजन में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही युवा कांग्रेस ने लोगों को रक्तदान का महत्व भी बताया। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मान भी किया गया।



### बाल साहित्य उत्सव 18 से 20 अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाषा एवं संस्कृति विभाग ने बताया कि विभाग द्वारा कीकली चैरिटेबल ट्रस्ट शिमला के सहयोग से 18 से 20 अप्रैल तक गेयटी थियेटर शिमला में मीमांसा तृतीया-बाल साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय साहित्य उत्सव में बच्चे भाग ले सकते हैं। जिसमें वे पुस्तक समीक्षा, शब्दावली कौशल, वर्ड प्ले आर्ट कार्यशाला और कम्पीटिशन जैसी गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के 25 वर्ष से कम आयु वाले विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित करना और संवादात्मक सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल तक इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म के लिए दूरभाष नंबर-9816148001, 9817095985, 8091021796 संपर्क किया जा सकता है।

### किसानों को मटर के मिल रहे अच्छे दाम

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** **जुन्गा** तहसील के सिरमौर की सीमा के साथ क्षेत्रों से पहाड़ी मटर प्रदेश की विभिन्न मंडियों में पहुंचना आरंभ हो गया है और किसानों को मटर के अच्छे दाम मिल रहे हैं। किसानों के अनुसार बीते दिनों की अपेक्षा मटर के दाम में उछाल आया है और सोलन व ढली सब्जी मंडी में मटर का दाम बुधवार को मटर का रेट औसतन 40 से 45 रहा है। प्रगतिशील किसान दयाराम वर्मा और प्रीतम ठाकुर ने बताया कि सर्दियों में इस वर्ष कम बारिश होने से मटर की फसल की पैदावार औसतन हुई है। मटर की फसल इस बार तय समय से करीब एक पखवाड़ा पहले तैयार हो गई थी। विनोद कुमार आढ़ती का कहना है कि बुधवार को मटर के दाम उछाल आया है। शिमला व सिरमौर क्षेत्र का मटर 45 से 50 रुपए प्रति किलोग्राम बिका। कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने से मटर की फलियां का रंग सफेद हो गया है। जिससे किसानों को अच्छे दाम नहीं मिल पा रहे हैं। ट्रांस्पोर्टर प्रदीप ब्रागटा ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मटर की फसल कुछ कम हुई है परंतु किसानों को दाम अच्छे मिल रहे हैं।



### सुन्हाणी में 350 ने दिया ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सुन्हाणी मेला ग्राउंड में आज ग्राउंड ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। टेस्ट में लगभग 150 दोपहिया और 200 चारपहिया वाहनों के चालकों ने भाग लिया। पारदर्शिता के लिए वीडियोग्राफी ड्राइविंग टेस्ट में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा वीडियोग्राफी करवाई गई। दोपहिया वाहनों के चालकों को 'एस' आकार, जबकि चारपहिया वाहनों को 'एल'आकार में वाहन चलाने की परीक्षा देनी पड़ी। यदि कोई चालक निर्धारित रेखा से बाहर वाहन निकाल देता है, तो उसे डिस्क्वालिफाई कर दिया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रैक्टिकल टेस्ट से पहले वाहन चलाने का भरपूर अभ्यास करें।

### सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शक्ति सिंह चंदेल ने बिलासपुर कॉलेज की लाइब्रेरी को दीं 14 पुस्तकें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की लाइब्रेरी को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी शक्ति सिंह चंदेल ने 14 पुस्तके भेंट की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वह समस्त महाविद्यालय परिवार की तरफ से चंदेल का धन्यवाद करते हैं और उनके इस प्रयास की सराहना करते हैं, जिससे न केवल दूसरों को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि निश्चय ही उनके द्वारा भेंट की गई पुस्तकों से विद्यार्थी भी लाभान्वित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस तरह की प्गतिविधियों से महाविद्यालय की इकाई को भी लाभ होता है। उन्होंने कहा कि चंदेल ने महाविद्यालय की विजिटर बुक में भी उन्होंने महाविद्यालय को लिए बेहतर रिमार्क्स दिए हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के उपप्राचार्य प्रो. प्रेमजीत, प्रो रणजीत, प्रो. अपर्णा, प्रो. रितु, डॉ. नवीन, डॉ. नम्रता, प्रो. जसवाल, प्रो. जम्वाल, प्रो. अनुप्रिया और प्रो. अश्वनी उपस्थित रहे।

# पहले दिन 30 कलाकारों ने गेयटी में ग्रेडिंग के लिए दिया ऑडिशन

## भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला की दो दिवसीय ऑडिशन प्रक्रिया शुरू

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**भाषा** एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला द्वारा गेयटी थिएटर में कलाकारों की ग्रेडिंग के लिए ऑडिशन लिए जा रहे हैं। ऑडिशन के पहले दिन विभाग में पंजीकृत 30 कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति गायन, नृत्य, वादन आदि विधाओं में दी। जानकारी देते हुए जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा ने बताया कि जिला शिमला में कलाकारों के ऑडिशन के माध्यम से ग्रेडिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रेडिंग के माध्यम से गायन, वादन, नृत्य आदि कलाओं से संबंध रखने वाले जिला शिमला के कलाकारों को श्रेणीबद्ध करने के लिए ग्रेडिंग की प्रक्रिया 27 मार्च को भी प्रात: 11 बजे से गेयटी थियेटर में आयोजित की जाएगी। इस चयन प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को मंच प्रदान करना है तथा ग्रेडिंग के माध्यम से पारदर्शिता लाना है। अतंरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तरीय मेलों व उत्सवों में भाग लेने वाले कलाकारों के उचित वर्गीकरण और उन्हें श्रेणीबद्ध करने के लिए यह चयन प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। **अनंत ज्ञान**

### निर्णायक मंडल में ये रहे शामिल

**निर्णायक** मंडली में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ महेंद्र राठौर, आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक डॉ हुकम शर्मा, जिला लोक संपर्क अधिकारी शिमला सिम्पल सकलानी शामिल रहे।



### बिना पंजीकरण वालों की आज होगी ग्रेडिंग, आधार कार्ड जरूरी

**चयनित** कलाकारों को उनके प्रदर्शन के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा। जिन कलाकारों ने पंजीकरण नहीं करवाया है उनकी ग्रेडिंग 27 मार्च को होगी। चयन प्रक्रिया वाले दिन पंजीकरण करवाने के लिए आवेदनकर्ता को दो पासपोर्ट साईज फोटो तथा आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा।

## केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान में विश्व रंगमंच दिवस पर होगा विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर संकल्प रंगमंडल, शिमला एक विशेष नाट्य प्रस्तुति का आयोजन करने जा रहा है। इस वर्ष का समारोह आईसीएआर- केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई), बेमलोई, शिमला के भव्य प्रेक्षागृह में आयोजित किया जाएगा। यह रंगमंच को पारंपरिक सीमाओं से परे ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के बौद्धिक, वैज्ञानिक, और सांस्कृतिक संवाद का एक सशक्त मंच भी है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए, इस वर्ष विश्व रंगमंच दिवस पर नाटक 'द डॉल' का मंचन किया जाएगा।

## सतलुज में पर्यटकों के लिए जल्द चलेंगे जेट स्की, स्पीड, पैडल और शिकारा बोट

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

- व्यापार को मिलेगा बढ़ावा रोजगार के भी कई अवसर मिलेंगे
- एसोसिएशन के सदस्यों ने राफ्टिंग मोटर बोट से किया निरीक्षण

**सुन्नी** एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक आयोजन सतलुज घाट के पास किया गया। इसकी अध्यक्षता सुन्नी एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रधान सीमा सोनी द्वारा की गई। बैठक में ग्रामीण शिमला के अंतर्गत सुनी के साथ लगती सतलुज नदी में पर्यटकों के लिए वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू करने के बारे में चर्चा की गई। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं व्यापार मंडल के सचिव ज्योति प्रकाश गुप्ता ने बताया कि सुन्नी एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले सुन्नी के साथ लगती सतलुज नदी को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभारा जाएगा।

इसी कड़ी में सुन्नी एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सतलुज नदी का राफ्टिंग मोटर बोट के माध्यम से निरीक्षण किया। सुन्नी एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रधान सीमा सोनी ने बताया कि हिमाचल वाटर स्पोर्ट्स के राज्य महासचिव इशान अख्तर द्वारा इस एसोसिएशन की नींव रखी गई थी।

सुन्नी एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रधान सीमा सोनी, नप अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एवं व्यापार मंडल के सचिव ज्योति प्रकाश गुप्ता ने बताया कि जल्द ही पर्यटन विभाग की औपचारिकताएं पूरी करके पर्यटकों के लिए स्पीड बोट, पैडल बोट, शिकारा बोट, जेट स्की इत्यादि चलाए जाएंगे। जिससे व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्रदान होंगे। इस मौके पर नगर परिषद के सचिव हिमेश एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश वर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

## परहाट पुल से हाटकोटी मंदिर और बस स्टैंड से झड़ाशली गांव सड़क की सफल पासिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुब्बल**



**जुब्बल** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरस्वती नगर के अंतर्गत परहाट पुल से हाटकोटी माता मंदिर सड़क एवं झगटान पंचायत के झड़ाशली बस स्टैंड से झड़ाशली गांव संपर्क सड़क मार्ग की सफलतापूर्वक पासिंग होने पर पंचायतवासियों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

- स्थानीय लोगों ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का जताया आभार

लाभार्थियों ने कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से ग्राम पंचायत सरस्वती नगर की परहाट पुल से हाटकोटी माता मन्दिर सम्पर्क सड़क, ग्राम पंचायत झगटान की झड़ाशली बस स्टैंड से झड़ाशली गांव सम्पर्क सड़क मार्ग की सफल पासिंग संभव हो पाई हैं। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई में अब तक रिकॉर्ड 114 सड़कें और कांग्रेस सरकार के गठन के बाद 94 सड़कों की सफल पासिंग हो गई हैं। इसके विपरीत पूर्व भाजपा सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र में मात्र 5 सड़कों की ही पासिंग करवा पाई। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़कों की दुर्गति बनी रही। सड़कों की पासिंग के दौरान उप मंडलाधिकारी जुब्बल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग मंडल जुब्बल, विभिन्न विभागों के कर्मचारी, पंचायत के प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## रामपुर में सोनू गैंग के 21 सदस्य गिरफ्तार

### 26 ग्राम हेरोइन जब्त, 60 और लोगों पर पुलिस की नजर

**अनंत ज्ञान, रामपुर**

प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर में पुलिस ने नशे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कुख्यात सोनू गैंग के 21 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग के मुख्य सरगना सोहन लाल उर्फ सोनू और उसकी सहयोगी गीता श्रेष्ठ पहले ही पकड़े जा चुके थे। पुलिस ने अब 10 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 3 मार्च को सोहन लाल और गीता श्रेष्ठ से 26.68 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। जांच में पता चला कि नशे के धंधे से कमाए गए 9.22 लाख रुपए की संपत्ति भी इनके पास थी। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है। 25 मार्च को पकड़े गए 10 आरोपियों में रितिक जिष्टू, पुष्पेंद्र, दिगम्बर सिंह, पवन छेत्री, विपुल, शशि कुमार, हनी लाल, धीरज शर्मा, रमन कायथ और धर्म सिंह उर्फ काकू सोनी शामिल हैं। सभी आरोपियों को कैथू जेल भेज दिया गया है।



### डीएसपी ने लोगों से की अपील

**रामपुर** के डीएसपी नरेश शर्मा के अनुसार मामले में 60-70 और लोगों की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस उन पर नजर रख रही है। डीएसपी ने कहा कि नशे के कारोबार में शामिल हर व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि नशे की गतिविधियों की जानकारी मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## आज माफिया राज के खिलाफ भाजपा करेगी प्रदर्शन : केशव चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा जिलाध्यक्ष शिमला केशव चौहान ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते माफिया राज, कानून व्यवस्था की विफलता और जनता से किए गए वादों से पलटने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी 27 मार्च को विधानसभा के बाहर, शिमला के चौड़ा मैदान में एक विशाल प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि इस जनाक्रोश रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होकर सरकार की विफलताओं पर हल्ला बोलेगी।

केशव चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने ढाई साल के कार्यकाल में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी वादों को पूरी तरह भुला दिया है। इस सरकार की जनविरोधी नीतियों और माफिया राज के खिलाफ जनता अब सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है।

### 40 लाख तक का हाउस टैक्स, नगर परिषद को 8 से 10 लाख रुपए ही हो रहे प्राप्त

# नगर परिषद बिलासपुर को गृह कर में घाटा

**शुभम राही, बिलासपुर**

नगर परिषद बिलासपुर को गृह कर के रूप में अपेक्षित राजस्व नहीं मिल पा रहा है। शहर में गृह कर की अनुमानित राशि करीब 40 लाख रुपये है, लेकिन परिषद को केवल 8 से 10 लाख रुपए ही प्राप्त हो रहे हैं। इस बड़े अंतर के चलते नगर परिषद ने अब कड़ा रुख अपनाने का निर्णय लिया है। नगर परिषद ने स्पष्ट किया है कि जो परिवार गृह कर नहीं देंगे, उन्हें किसी भी प्रकार की एनओसी जारी नहीं की जाएगी।

अनंत ज्ञान खास खबर

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि अब बिना गृह कर जमा किए कोई भी नागरिक भवन निर्माण, खरीद-फरोख्त या अन्य कानूनी कार्यों के लिए आवश्यक एनओसी प्राप्त नहीं कर सकेगा। बिलासपुर में भाखड़ा विस्थापितों की बड़ी संख्या है, और यही गृह कर वसूली में प्रमुख बाधा बन रही है। विस्थापितों का मानना है कि वे पहले से ही अपने मूल स्थान से विस्थापित होने के कारण परेशान हैं और अब गृह कर देना उनके लिए अन्याय होगा। हालांकि, इस मामले पर अदालत में सुनवाई जारी है और अब तक कोई स्टे ऑर्डर नहीं आया है। इसके बावजूद, बड़ी संख्या में लोग गृह कर देने से बच रहे हैं, जिससे नगर परिषद को वित्तीय हानि हो रही है। गृह कर एक महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत होता है, जिससे नगर परिषद सड़कें, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास करती है। लेकिन जब नागरिक गृह कर का भुगतान नहीं करते, तो परिषद को अपनी सेवाओं को सुचारू रूप से चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। नगर परिषद का अनुमान है कि यदि सभी गृह करदाता समय पर भुगतान करें तो शहर में विकास कार्यों को तेज किया जा सकता है और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं।

**नगर परिषद ने एनओसी न देने का लिया फैसला**

कार्यकारी अधिकारी रणवीर सिंह ने कहा कि अब बिना गृह कर भुगतान किए किसी को भी एनओसी नहीं मिलेगी। नगर परिषद को अपने कार्यों के लिए फंड की जरूरत होती है, और बिना कर वसूली के शहर का विकास संभव नहीं है।

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर परिषद के इस सख्त कदम का लोगों पर क्या असर पड़ता है। क्या लोग अब गृह कर जमा करेंगे, या फिर यह मामला और अधिक जटिल हो जाएगा? साथ ही, कोर्ट का इस पर क्या फैसला आता है, यह भी महत्वपूर्ण रहेगा। फिलहाल, नगर परिषद अपनी नीति पर अडिग नजर आ रही है, और आने वाले समय में वसूली को लेकर और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### लोग बोले, पहले समस्याएं हल करे नप

**गृह** कर न देने वालों में से कई लोगों का कहना है कि नगर परिषद को पहले उनकी समस्याओं को समझना चाहिए। उनका आरोप है कि नगर में कई क्षेत्रों में सफाई, सड़कें और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहले ही बदहाल हैं। ऐसे में जब तक नगर परिषद सेवा सुधारने की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती, तब तक गृह कर देना सही नहीं होगा। नगर परिषद का कहना है कि गृह कर एक कानूनी अनिवार्यता है, और यह सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि वे इसका भुगतान करें।



> **हाउस** टैक्स देना अनिवार्य है। जो परिवार गृह कर जमा नहीं करेंगे, उनको नगर परिषद बिलासपुर एनओसी जारी नहीं करेगी। बिलासपुर शहर में बहुत कम हाउस टैक्स प्राप्त हो रहा है।
>
> **-रणधीर सिंह, नप कार्यकारी अधिकारी, बिलासपुर।**

## घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव के लिए मेला ग्राउंड का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

उपमंडलाधिकारी गौरव चौधरी ने 5 अप्रैल से शुरू हो रहे राज्य स्तरीय घुमारवीं ग्रीष्मोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद और विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गौरव चौधरी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे 5 अप्रैल तक अपने-अपने कार्यों को चरणबद्ध और समय पर पूरा करें, ताकि मेले के आयोजन में किसी प्रकार की कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके साथ ही, राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकारों के ऑडिशन भी आज आयोजित किए गए। इस ऑडिशन में लगभग 70 कलाकारों ने भाग लिया, जिनमें एकल गायन, नृत्य, स्लोगन प्रस्तुति और महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल रहे।

## लेफ्टिनेंट कर्नल वेद खनोरिया ने बिलासपुर कॉलेज में एनसीसी आर्मी विंग का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में द्वितीय बटालियन एनसीसी मंडी के प्रशानिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वेद खनोरिया ने एनसीसी आर्मी विंग का निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल के साथ भेंट वार्ता की] जिसमें कि महाविद्यालय प्राचार्य ने एनसीसी की गतिविधियों के बारे में विस्तृत विचार-विमर्श किया और साथ ही उन्होंने एनसीसी आर्मी विंग की कार्यशैली के बारे में उन्हें अवगत करवाया। इसके बाद लेफ्टिनेंट कर्नल खनोरिया ने एन सी सी कैडेट्स के साथ चर्चा करते हुए कैडेट्स को उनके करियर से संबंधित टिप्स दिए। उन्होंने सीनियर अंडर ऑफिसर अंशुल को आईटीबीपी में नौकरी मिलने पर बधाई भी दी।

## माफिया राज के खिलाफ भाजपा आज करेगी प्रदर्शन : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते माफिया राज, कानून व्यवस्था की विफलता और जनता से किए गए वादों से पलटने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी 27 मार्च को विधानसभा के बाहर, शिमला के चौड़ा मैदान में एक विशाल प्रदर्शन करेगी। यह प्रदर्शन चिट्टा माफिया, खनन माफिया, ट्रांसफर माफिया, कबाड़ माफिया और सत्ता के संरक्षण में पनपे भ्रष्टाचार के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि इस जनाक्रोश रैली में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम जनता शामिल होकर सरकार की विफलताओं पर हल्ला बोलेगी। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने ढाई साल के कार्यकाल में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पूरी तरह असफल रही है। चंबा में दलित युवक की नृशंस हत्या से शुरू हुआ अपराधों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में हत्या, लूटपाट, बलात्कार और महिलाओं के शोषण जैसी घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे हिमाचल की छवि धूमिल हो रही है। नशे का व्यापार पूरे प्रदेश में फैल चुका है, आए दिन गोलीबारी और हिंसक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी बैठी है। खनन माफिया बेखौफ होकर प्रदेश की संपदाओं को लूट रहा है और कांग्रेस सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की रोक-टोक नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने चुनावी वादों को पूरी तरह भुला दिया है। बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा खोखला साबित हुआ, सरकारी नौकरियां लगातार घट रही हैं, कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है, किसानों और बागवानों के साथ धोखा किया गया है।

**आदेश** श्री नयना देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले के दौरान यातायात प्रबंधन को लेकर उपायुक्त ने जारी किए दिशा-निर्देश

# टोबा से श्री नयना देवी तक सिर्फ बसें व छोटे वाहन ही चलेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के श्री नयना देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेले का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल तक किया जाएगा। मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने तथा यातायात प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी आबिद हुसैन सादिक ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

आदेश के अनुसार मेले की अवधि के दौरान टोबा से श्री नयना देवी जी मार्ग पर केवल बसों और छोटे यात्री वाहनों को आवाजाही की अनुमति होगी। भारी वाहनों जैसे ट्रक, कैंटर, ट्रैक्टर और टैम्पू इत्यादि की इस मार्ग पर आवाजाही पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस निर्णय का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और यातायात को व्यवस्थित बनाए रखना है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई ट्रक, ट्रैक्टर या टैम्पू सवारियों से भरा हुआ होगा, तो ऐसे वाहनों को हिमाचल प्रदेश की सीमा पर स्थित गड़ामोड़ा और ग्वालथाई (भाखड़ा) में ही रोक दिया जाएगा। इन स्थानों से आगे श्रद्धालु केवल बसों और टैक्सियों जैसे यात्री वाहनों के माध्यम से ही श्री नयना देवी जी की ओर जा सकेंगे। यह आदेश श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं , ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके।

## शोभायात्रा-बैल पूजन के साथ कल शुरू होगा कोटधार नलवाड़ मेला

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** कोटधार नलवाड़ मेले की बैठक में मेले की रूपरेखा तय कर ली गई है। मेले का शुभारंभ 28 मार्च को सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा और बैल पूजन के साथ होगा। आयोजन को भव्य बनाने के लिए समिति ने विशेष तैयारियां की हैं, जिसमें दो सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन भी शामिल है। पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल के लोकप्रिय गायक गौरव कौंडल अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध हिमाचली लोक गायक धीरज शर्मा दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इस बार मेले में खतेहड की 96 वर्षीय ओडकू देवी भी अपनी अनूठी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कैप्टन ज्ञान चंद ने की, जिसमें कोटधार नलवाड़ मेला समिति के संस्थापक अमरनाथ धीमान, सूबेदार सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, सूबेदार रामकृष्ण, महेंद्र चौधरी, नीना कुमारी, सुमन कुमारी, मनोहर लाल, रमेश चंद, सुशील शर्मा, कुसुम राज सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मेला समिति ने स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील की है ताकि आयोजन सफल बनाया जा सके। इस बार बाहरी पर्यटकों की भी बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलेगा।



## ठाकुरद्वारा मंदिर झंडूता में भागवत कथा 30 मार्च से

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के झंडूता बाजार के साथ स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में 30 मार्च से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के उपप्रधान रमेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागवत कथा का श्रवण करें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। कथा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन क्षेत्र में भक्तिभाव और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। कथा के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसी व्यवस्थाएं की जाएंगी। झंडूता और आसपास के श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह है।

**मस्तिष्क** की शक्तियां सूर्य की किरणों के समान हैं। जब वो केंद्रित होती हैं, चमक उठती हैं। -**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# कर्ज का पहाड़

हिमाचल प्रदेश राज्य कर्ज के पहाड़ तले बुरी तरह से दब गया है। राज्य का कुल कर्ज 1.03 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो वाकई बेहद चिंताजनक है। इसके साथ ही हिमाचल सबसे ज्यादा कर्ज में डूबे राज्यों में शुमार हो गया है। इस भारी कर्ज के बोझ और केंद्र से कम मदद की उम्मीद के बीच, राज्य सरकार के सामने वित्तीय संकट से उबरने के लिए कई चुनौतियां हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों दल एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं कि उन्होंने राज्य को कर्ज के जाल में धकेलने का काम किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह कर्ज का संकट एक लंबे समय से विकसित हो रहा है और इसका समाधान केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से नहीं निकल सकता। सुक्खू सरकार को हर महीने अपने 2.25 लाख कर्मचारियों को वेतन और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन देने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

यह स्थिति यह दर्शाती है कि राज्य सरकार की वित्तीय प्राथमिकताएं वेतन और पेंशन को पूरा करने तक सीमित हैं, जबकि विकास कार्यों के लिए बहुत कम संसाधन बचते हैं। हर 100 रुपए में से 1.25 रुपए वेतन, 20 रुपए पेंशन, 12 रुपए ब्याज भुगतान, 10 रुपए कर्ज भुगतान, 9 रुपए स्वायत्त निकायों को अनुदान पर खर्च होते हैं और केवल 24 रुपए विकास कार्यों के लिए बचते हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि राज्य सरकार के पास अपने विकास कार्यों के लिए सीमित धन उपलब्ध है, जो राज्य के समग्र विकास में बाधा डालता है। इसके अलावा, राजस्व घाटे की स्थिति और वित्तीय सहायता में कमी, राज्य की अर्थव्यवस्था को और भी कमजोर बना रही है। राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह इस भारी कर्ज के बोझ को कैसे कम करे और साथ ही विकास कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए।

कांग्रेस सरकार को इस स्थिति से उबरने के लिए कई कदम उठाने होंगे। सबसे पहले, तो राज्य सरकार को अपने राजस्व संग्रह को बढ़ाने के लिए काफी मशक्कत करनी होगी। यह स्थानीय करों और शुल्कों को बढ़ाने से किया जा सकता है, लेकिन यह कदम बेहद संवेदनशील हो सकता है, क्योंकि यह आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव डाल सकता है। साथ ही, भ्रष्टाचार और टैक्स चोरी को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। राज्य सरकार को अपने कर्ज के पुनर्गठन की दिशा में कदम उठाने होंगे। कर्ज की ब्याज दरों को कम करने और पुनर्भुगतान की अवधि को बढ़ाने से राज्य को राहत मिल सकती है। इसके लिए केंद्र सरकार से सहयोग की आवश्यकता होगी, क्योंकि कर्ज पुनर्गठन केंद्र के दायरे में आता है। राज्य सरकार को केंद्र से अधिक वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए एक ठोस योजना बनानी होगी।

केंद्र सरकार के साथ बेहतर संवाद और भागीदारी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार को अपने आर्थिक संकट का सटीक आकलन करना होगा और केंद्र से विशेष पैकेज की मांग करनी होगी। साथ ही राज्य सरकार को विकासात्मक परियोजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी जो राजस्व उत्पन्न कर सकती हैं। इससे राज्य के आर्थिक संसाधनों में वृद्धि हो सकती है। पर्यटन, जल विद्युत, कृषि आधारित उद्योग और बुनियादी ढांचे के विकास पर फोकस किया जा सकता है, जिससे रोजगार के अवसर उत्पन्न हों और राज्य को राजस्व में बढ़ोतरी हो। यही नहीं, कृषि और उद्योगों के क्षेत्र में सुधार के लिए राज्य सरकार को योजनाएं बनानी होंगी। कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए बेहतर तकनीक और प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जबकि छोटे और मझोले उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए विशेष नीति तैयार करनी होगी। इससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। राज्य सरकार को पूंजी जुटाने के लिए लोकल बॉन्ड और अन्य वित्तीय साधनों का उपयोग करना होगा।

निवेशकों से धन जुटाने के लिए राज्य को निवेशकों को आकर्षित करने वाली नीतियां बनानी होंगी। इसके लिए वित्तीय स्थिरता और अच्छी सरकार की छवि बनानी होगी। हिमाचल प्रदेश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए पर्यटन, जल विद्युत, औद्योगिक पार्कों और कृषि आधारित उद्योगों में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। राज्य को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो निवेशकों को आकर्षित करें। सरकारी परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने से भी संसाधन जुटाए जा सकते हैं। यह मॉडल बुनियादी ढांचे के विकास, परिवहन और पर्यटन क्षेत्रों में उपयोगी हो सकता है। प्रदेश को अपनी पारंपरिक अर्थव्यवस्था से बाहर निकलकर, उच्च मूल्य वर्धित सेवाओं जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने की दिशा में कदम उठाने होंगे। कुल मिलाकर, कर्ज का बोझ कम करने के साथ-साथ राज्य को विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाना बेहद लाजिमी है, ताकि राज्य की वित्तीय स्थिति सुधर सके और भविष्य में एक स्थिर और समृद्ध हिमाचल प्रदेश की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी

**मुरली** श्रीशंकर भारत के लंबी कूद के खिलाड़ी हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में कमाल कर दिखाया है। पुरुषों की लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने फाइनल में 8.08 मीटर की बेहतरीन कूद के साथ देश के लिए रजत पदक जीता है। मूल रूप से केरल के रहने वाले मुरली श्रीशंकर का जन्म पल्लकड में हुआ था। उनका परिवार खेलों से जुड़ा हुआ है। उनके खून में खेल बहता है। पिता और माता दोनों पूर्व एथलीट रहे हैं। पिता भारत के लिए दक्षिण एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीत चुके हैं। उन्होंने ही मुरली को प्रशिक्षण दिया है और वही उनके कोच भी हैं। मुरली की मां ने साल 1992 में एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की 800 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। उनकी बहन श्रीपारवती भी हैप्थेलॉन की खिलाड़ी हैं। जब मुरली श्रीशंकर चार साल के थे, तब वो अपने पिता के साथ प्रैक्टिस में जाते थे। उनके पिता को उनके अंदर एक तेज धावक बनने के लक्षण दिखे। इसके बाद उन्हें इसके लिए प्रशिक्षण मिलना शुरू हो गया। अंडर-10 चैंपियनशिप में वो 50 मीटर और 100 मीटर स्पर्धा के स्टेट चैंपियन बन गए थे, लेकिन 13 साल की उम्र में उन्होंने दौड़ की जगह ट्रिपल जंप में कॅरियर बनाने का फैसला किया। वर्ष 2018 में भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 8.20 मीटर की छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। ■



मुरली श्रीशंकर
जन्म : 27 मार्च, 1999

## कविता: उसकी नैया पार न होगी



राकेश डोगरा, गांव कौना, हल्दरा, पालमपुर

*जिसके मन में द्वेष भरा है, छल, कपट, क्लेश भरा है,*
*जितना मर्जी वह मंदिर जाए, उसकी नैया पार न होगी।*
*अंतर्मन जब साफ न होगा, ईश्वर का डर, खौफ न होगा,*
*जितना मर्जी कुंभ नहा ले, उसकी नैया पार न होगी।*
*करके ठगी जो खूब कमाए, दुखी जनों को बड़ा रुलाए,*
*कितना भी दानी बन जाए, उनकी नैया पार न होगी।*
*जो परिवार में फूट कराए, अपनी ही मर्जी चलवाए,*
*यह अच्छा वह बुरा बताए, उसकी नैया पार न होगी।*
*सही गलत का भेद भी जाने, लेकिन गलत को सही माने,*
*अपनेपन में अंधा हो जो उसकी नैया पार न होगी।*
*घर में कामकाज करे नौकर, मठ में जा खुद फेरे बोंकर,*
*ऐसा झूठा पुण्य कमाकर, उसकी नैया पार न होगी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आखिर क्यों बढ़ते जा रहे तलाक के मामले ?


आजकल कुछ लेख पढ़ा जो बढ़ते तलाक के मामले पर था अपनी विशाल संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और समृद्धि की ऊंचाइयों के लिए मशहूर भारतीय समाज में तलाक के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले कुछ सालों में भारत में तलाक के मामलों की संख्या में 50 से 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ऐसा नहीं है कि ये सभी मामले सिर्फ बड़े शहरों से हैं। मथुरा, हापुड़ और झज्जर जैसे छोटे शहर भी इन आंकड़ों में बराबर का योगदान दे रहे हैं, लेकिन अच्छी खबर यह है कि 50 से 60 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि के बाद भी भारत में तलाक की दर केवल 11 प्रतिशत है और यह प्रतिशत अभी भी अन्य देशों की तुलना में कम है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित और प्रगतिशील देशों में तला की दर 55 प्रतिशत, स्वीडन में 55 प्रतिशत, रूस, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड में 43 प्रतिशत और जर्मनी में 40 प्रतिशत है। इससे पता चलता है कि रिश्तों को बनाए रखने के मामले में भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से काफी बेहतर है, लेकिन सिर्फ इसलिए कि यहां तलाक कम हो रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि यहां के लोग अपने रिश्तों से खुश हैं। इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। हमारे देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का बोलबाला है। भारतीयों के लिए अलगाव या तलाक कभी भी आसान बात नहीं रही, इसे पुरुष या महिला के चरित्र पर एक काला धब्बा माना जाता है। अन्य देशों की तरह यहां रिश्ते केवल शारीरिक आकर्षण के आधार पर नहीं बनते। इसके अलावा हिंदू धर्म तलाक शब्द को नहीं जानता।

हिंदू धर्म में विवाह एक पवित्र और अनमोल रिश्ता है जिसे केवल एक जन्म के लिए नहीं, बल्कि सात जन्मों के लिए माना जाता है। इसके अलावा कई अन्य कारक भी हैं जिनमें आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता, सामाजिक और पारिवारिक दबाव शामिल हैं। अगर बच्चे की जिम्मेदारी है, तो अलगाव और भी मुश्किल हो जाता है। इस विस्तृत चर्चा में तला के मामलों में वृद्धि के पीछे क्या कारण हो सकते हैं, इस पर गंभीरता से विचार किया गया, जिसमें सबसे बड़ा तर्क ऐ निकला जो संस्कार है और विचार का सही तालमेल न होना। इसलिए शादी को गंभीरता से लें नहीं तो शादी न करें, यदि आप किसी आध्यात्मिक देवता को पूजते हैं तो ऐ कोई जरूरी नहीं कि वो भी पूजे, सामाजिक परिवर्तन से आधुनिक युग में सामाज में परिवर्तन भी हो रहा है जिसका सीधा असर विवाह और तलाक पर पड़ता है। पुरानी रूढ़िवादी विचारधारा से बाहर निकलने के दबाव, महिलाओं की आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग में वृद्धि के साथ ही स्थिर संबंध बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है। आधुनिक समाज में हो रहे परिवर्तन विभिन्न क्षेत्रों में शोध और प्रक्रिया को प्रेरित कर रहे हैं। युवा पीढ़ी आत्म-स्वतंत्रता के महत्व को समझ रही है और इसलिए स्थिर संबंधों को बनाए रखने के बारे में अधिक चिंतित हो रही है।



यह इच्छा अक्सर उन्हें अपने जीवनसाथी से अधिक मानवाधिकारों और अधिकारों की मांग करने के लिए प्रेरित करती है, जो तलाक का कारण बन सकती है। महिलाएं स्वतंत्र हो रही हैं आज की युवा पीढ़ी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व को समझती है और अपने जीवन को अपने रास्ते पर ले जाना चाहती है। इसलिए, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आदर्शों के लिए लड़ते हुए, वे अपने जीवनसाथी से अधिक मानवाधिकारों और अधिकारों की मांग कर रहे हैं। यह अक्सर रिश्ते की स्थिति को कठिन बना देता है, जिससे तलाक का खतरा होता है। पहले, पुरुष ही एकमात्र व्यक्ति था जो पूरे परिवार के लिए रोटी कमाने जाता था और महिला घर पर रहती थी, इसलिए वह बाकी दुनिया से अलग-थलग थी।

इससे उनके पतियों पर उनकी आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता भी बढ़ गई। इसके कारण, कई बार उन्हें अपने पतियों के आक्रामक व्यवहार को सहना पड़ा, लेकिन आज इसके विपरीत भी सुनने को मिल रहा है यहां तक हत्या और आत्महत्या भी पुरुष कर रहे हैं, क्योंकि उनका शारीरिक और मानसिक शोषण का भी सामना करना पड़ा, लेकिन अब स्थिति बदल गई है। महिलाएं भी पुरुषों की तरह ही बाहर जा रही हैं, व्यापार और नौकरी कर रही हैं और जब एक महिला पुरुष के स्वभाव से मेल नहीं खाती है, तो यह पुरुष पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही, अब महिलाएं हर मामले में स्वतंत्र जरूर हैं, लेकिन उसका यह भी फर्ज है कि लड़के के माता-पिता को ध्यान देना, इसलिए वे बूढ़े बुजुर्गों के बात को बर्दाश्त नहीं करती हैं। शायद यही वजह है कि तलाक के ज्यादातर फैसले महिलाएं ही लेती हैं। पति पत्नी दोनों के लिए एक समान यदि अच्छी विचारधारा है तो सम्मान करना चाहिए और कहीं बुरी संगत में चले गए है तो उसे छोड़ना नहीं चाहिए बल्कि ऐसा कर्म करना चाहिए जिससे वो एक दिन खुद ही अच्छे और बुरे का ज्ञान हो जाए, गुरुजी से वो 40 सिख अलग होने के बाद भी जब गलती का अहसास हुआ, तो फिर उनके लिए जिए और उनके लिए मरे। यह अहसास बुढ़ापे में होगा जब कौन साथ देगा यही समय आपको पहचान होगी कौन सच्चा था। सुंदर होना सही या गलत यह आपके मन पर निर्भर करता है, लेकिन जो मन से सुंदर होता है वो आपका सच्चा साथी है, क्योंकि किसी फल में अंदर क्या है यह पता नहीं चलता, लेकिन अंदर से सड़ा होता है तो आधा खाते हैं या फेंक देते हैं, लेकिन जो फल बाहर से दिखने में कुछ खराब हो, लेकिन अंदर से ठीक होता है तो आप बड़े प्रेम से खाते हैं यानी आम मीठा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# अनाज की बर्बादी को रोकना हमारा नैतिक कर्तव्य...

आज हम अनाज को लेकर गंभीर संकट में से गुजर रहे हैं। अनाज की कमी के कारण चारों ओर हाहाकार मच हुई है।

एक ओर अनाज की अत्यधिक बर्बादी हो रही है, तो दूसरी ओर गरीब व्यक्ति भूखे मर रहे हैं। निसंदेह अनाज के बिना व्यक्ति कई दिन जीवित तो रह सकता है, पर पानी की तरह अनाज भी उसके लिए अत्यावश्यक है। विवाह समारोह के दौरान बनने वाले पकवान इतने ज्यादा होते हैं, कि आदमी खाए तो क्या न खाए ? इसमें कोई दो राय नहीं कि विवाह समारोह दो परिवारों के बीच प्रसन्नता बांटने का सुअवसर होता है, मगर विसंगति यह है कि धीरे-धीरे विवाह समारोह शक्ति प्रदर्शन का जरिया बनते जा रहे हैं। इस दंभपूर्ण प्रदर्शन के माध्यम से अनेक प्रकार के व्यंजन परोसे जाते हैं कि तब बिना कुछ देखे सुने लोग इतना खाना प्लेट में डाल लेते हैं कि उसे खा पाना उनके लिए संभव नहीं होता। फिर वे यह खाना कूड़े के ढेर में डाल देते हैं। यह भी एक विडंबना है कि देश में जहां करोड़ों लोग भूखे पेट सो जाते हैं वहां इतनी बड़ी मात्रा में अनाज की बर्बादी कहीं न कहीं मन को ठेस तो पहुंचाती ही है। कुछ जागरूक लोग एवं स्वयंसेवी संगठन इस बचे हुए भोजन को भूखे लोगों तक पहुंचाने का प्रयास तो करते हैं, लेकिन हमारे देश की आबादी इतनी अधिक है कि इसे व्यवहारिक रूप में लाना मुश्किल नहीं तो असंभव जरूर है।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा
ऊना ( हिमाचल प्रदेश )

विवाह समारोह के धनबल प्रदर्शन को रोकने के लिए सरकारों को अनाज बचाने की पहल करनी होगी। अनाज की बर्बादी को रोकने के लिए सर्वप्रथम दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया है कि वह इस मुद्दे पर नई नीति बनाने जा रही है। हम सबको मिलकर इस संवेदनशील विषय पर गंभीर रूप से सोचने की आवश्यकता है। मेहमानों की संख्या सीमित करनी तथा कैटरिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कोई न कोई नई नीति बनानी होगी।



पुरातन समय में विवाह समारोह सादा होते थे। तब इन समारोहों पर खास खर्च नहीं होता था, पर आज दिखावे के युग में अनेक प्रकार के व्यंजनों के नाम पर जो अन्न की बर्बादी होती है, उसे रोकने के लिए सभी सरकारों को एकजुट होकर कुछ सोचना होगा। एक समय था जब हमारे समाज में सीमित मेहमानों और सीमित व्यंजनों के साथ विवाह आयोजित करने की परंपरा थी। हमारे पंजाब में भी एक दौर ऐसा आया जब इस तरह की परंपरा लागू की गई। भोजन की बर्बादी रोकने के लिए सीमित संख्या में मेहमान बुलाए जाने लगे। मगर अब समय फिर बदल गया है। हमारे समाज में लोग यह दिखाने की कोशिश करते हैं कि हमारा कितना बड़ा संपर्क है और जिस व्यक्ति का जितना बड़ा संपर्क होगा उतने ही ज्यादा उसके समारोह में मेहमान आएंगे उतना ही शानदार पंडाल और उतने ही ज्यादा व्यंजन।

विवाह समारोहों में हर प्रदेश के व्यंजनों को तरजीह दी जाती है। जब लबालब भरी प्लेटों का खाना मेहमान नहीं खा पाते, तो बचा खाना इधर-उधर फेंक दिया जाता है। जो सरासर हमारे देश के भूखे लोगों का अपमान नहीं तो और क्या है ? यह जरूरी है कि कैटरज, खाना पकाने वाले और जरूरतमंद लोगों के बीच सामंजस्य बनाकर समस्या का समाधान ढूंढा जाना चाहिए। हमारे देश के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों का यह दायित्व है कि वे लोगों को समय रहते जागरूक करने की दिशा में पहल करें। अनाज की बर्बादी करने वालों के जेहन में यह बात भली-भांति आनी चाहिए कि अनाज की बर्बादी से हमारे देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल हो सकती है तथा भूखे पेट रहने वाले लोग कुपोषण का शिकार हो कर शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। तन-मन से कमजोर लोगों से हमारे देश के भावी नागरिक कैसे होगें इसका अनुमान सहजता से हो जाता है।

विवाह समारोहों के अलावा धार्मिक स्थलों पर भी भंडारों के दौरान अनाज की बर्बादी होती है। इस प्रकार की बर्बादी को रोकने के लिए प्रत्येक वर्ग को आगे आना चाहिए । हमारे देश को अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान से ही इस मामले में सबक सीख लेना चाहिए। वहां विवाह समारोहों में एक ही व्यंजन की व्यवस्था की गई है। इस बात की उल्लंघना करने पर सजा दी जाती है। अत: और देरी करना हम सबके लिए अहितकारी है। संभलने का वक्त है, संभल जाना चाहिए अन्यथा अनाज की बर्बादी यूं ही सतत होती रहेगी। भूखे को अन्न तभी मिलेगा जब अनाज बचेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश यानि देवभूमि जिसका नाम सुनते ही मन में एक चित्र उभरता है। स्वच्छ वायु, सुंदर चरागाह, चंहु ओर फैली हरितिमा, ऊंचे दर्रे,भौगोलिक विविधता, बहती नदियां, समृद्ध वन एवं वन्य जीवन, आधुनिक आवागमन साधन, पर्याप्त आवास सुविधाएं, अनेक धार्मिक स्थल यानी पर्यटन के लिए आदर्श एवं सुरक्षित क्षेत्र। हिमाचल ऐसा ही है। परंतु पर्यटन के साथ-साथ सूखे कचरे का भी विस्तार होता जा रहा है, जो हिमाचल के आदर्श, सौंदर्यपूर्ण प्राकृतिक परिदृश्य को ग्रसित करता जा रहा है। जगह-जगह कचरे के ढेर देख कर आदमी असहाय महसूस करने लगता है। स्वच्छता अभियान के चलते बड़े पैमाने पर शौचालय निर्माण का कार्य सफलतापूर्वक किया गया, जिसका परिणाम भी सुखद हुआ। किंतु सूखे कचरे के निष्पादन की दिशा में हालात प्रतिदिन खराब ही होते जा रहे हैं। क्या शहर और क्या गांव। शहरों से कचरा उठाकर डंपिंग स्थलों तक पूरा जा नहीं पाता। सरकार को इस कचरे के बारे में कुछ सोचना होगा। **विकास,टांडा**

# जो सच का आईना दिखाता है,वो थियेटर ही कहलाता है

रंगमंच केवल एक कला माध्यम नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, समाज और संवेदनशील अभिव्यक्ति का प्रतिबिंब है। यह न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का मंच भी है। विश्व रंगमंच दिवस इस सृजनात्मक विधा की प्रासंगिकता पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है।

नाटक और रंगमंच विशेष रूप से युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो उन्हें न केवल आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर देता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और बौद्धिक विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। हिमाचल प्रदेश की पारंपरिक नाट्य परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है, जिसमें 'कारगेट', 'हरनाटी' और 'रास' जैसे लोकनाट्य रूप महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। विभिन्न मेलों और उत्सवों में इनका मंचन सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रहा है। हिमाचली युवा इस परंपरा से न केवल अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हैं, बल्कि इसे जीवंत रखने का दायित्व भी निभाते हैं। भारत की रंगमंचीय परंपरा अत्यंत प्राचीन और विविधतापूर्ण रही है। संस्कृत नाटकों से लेकर पारसी थियेटर, लोकनाट्य शैलियों और आधुनिक नाट्य मंचन तक, इसकी यात्रा सतत विकासशील रही है।



लेखक : सिकंदर बंसल
(शिक्षाविद्)रामपुर बुशैहर

वर्तमान डिजिटल युग में, जब अधिकांश युवा आभासी संसार में सीमित हो गए हैं, थियेटर उनके लिए एक सजीव संवाद मंच प्रस्तुत करता है, जहां वे रचनात्मकता, सह-अस्तित्व और मानवीय संवेदनाओं को गहराई से अनुभव कर सकते हैं। विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत 1961 में इंटरनेशनल थियेटर इंस्टिट्यूट द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य रंगमंच की महत्ता को रेखांकित करना और विश्वभर में सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना था। नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत मुनि ने रंगमंच को 'जीवन का दर्पण' कहा था, जो समाज को उसकी वास्तविकताओं से परिचित कराता है। हिमाचल प्रदेश में भी रंगमंच की जड़ें गहरी हैं— कुल्लू का 'हरिनाट', मंडी का 'शिवरात्रि नाट्य महोत्सव' और अन्य पारंपरिक नाट्य रूप इसकी जीवंत परंपरा के प्रमाण हैं। गेयटी थियेटर, जो शिमला में स्थित है, हिमाचल की रंगमंचीय परंपरा का एक ऐतिहासिक प्रतीक है। 1887 में ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह थियेटर गॉथिक वास्तुकला की उत्कृष्ट कृति है, जिसे हेनरी इरविन ने डिजाइन किया था।



**विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष**

यह मंच अंग्रेजी नाटकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रमुख केंद्र रहा है और आज भी रंगमंच प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहां विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियां, प्रदर्शनी और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। आधुनिक रंगमंच केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को आत्मविश्लेषण और संवाद के लिए प्रेरित करता है। रंगमंच सामाजिक, राजनीतिक और मनोवैज्ञानिक विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है, जिससे दर्शक गहरी संवेदनशीलता और आत्मचिंतन की प्रक्रिया में प्रवृत्त होते हैं। लाइव प्रदर्शन की ऊर्जा और कलाकारों की भावनात्मक अभिव्यक्ति दर्शकों को एक गहरे स्तर पर जोड़ती है, जिससे वे अपने जीवन की जटिलताओं को नए दृष्टिकोण से देखने में सक्षम होते हैं।

इससे यह केवल कला का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद और सामाजिक परिवर्तन का उपकरण बन गया है। थियेटर का प्रभाव दृश्य-श्रव्य माध्यमों की सीमाओं से आगे जाकर दर्शकों के चिंतन और संवेदनशीलता को प्रभावित करता है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में, थियेटर केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज में जागरूकता फैलाने, विचारों के आदान-प्रदान को सशक्त बनाने और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने का माध्यम है। भारतीय रंगमंच ने न केवल समाज को जागरूक किया है, बल्कि इसे असंख्य प्रतिभाओं का जन्मदाता भी माना जाता है। नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी, पंकज कपूर, इरफान खान, अनुपम खेर, मनोज बाजपेयी, राजपाल यादव, विजय राज, सीमा बिस्वास, रघुवीर यादव, केके मेनन, आशुतोष राणा, स्वानंद किरकिरे, शबाना आज़मी, रत्ना पाठक शाह, सुरेखा सीकरी, विनय पाठक, दीप्ति नवल, नीना गुप्ता, सौरभ शुक्ला, परेश रावल, बोमन ईरानी, तिग्मांशु धूलिया, कुलभूषण खरबंदा, अतुल कुलकर्णी, आदिल हुसैन, जीशान अय्यूब, दिव्या दत्ता, विक्टर बनर्जी, यशपाल शर्मा, जिम सर्भ, गजराज राव आदि अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों ने रंगमंच से अपनी कला यात्रा प्रारंभ की और बाद में सिनेमा जगत में अपनी पहचान स्थापित की। भारत में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय और अन्य क्षेत्रीय थियेटर संस्थान युवाओं को इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में भी युवा कलाकार हिमाचल प्रदेश और भारत के युवाओं के लिए थियेटर का बढ़ता दायरा न केवल उनकी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का माध्यम है, बल्कि उनके समग्र विकास की दिशा में भी एक प्रभावी प्रयास है। जैसा कि फैज अहमद फैज ने कहा है— 'खामोश लफ्जों की भी एक सदा होती है, थियेटर में हर जज्बात की अदा होती है'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हर मानव के लिए अनिवार्य है मनोवैज्ञानिक पक्ष का अध्ययन

मनोविज्ञान के क्षेत्र में एक बहुत प्रसिद्ध और उपयोगी युक्ति है कि 'अगर कोई व्यक्ति अत्यधिक तनाव और अवसाद में अपना मानसिक संतुलन खो दे या खोने ही वाला हो तो उससे पहले, उस व्यक्ति के साथ और आसपास वाले लोगों का इलाज करना चाहिए।' क्योंकि यही नजदीक और आसपास के लोग ही जाने-अंजाने ऐसे विपरीत, निराशावादी और नकारात्मक हालात पैदा कर डालते हैं कि एक अच्छा भला, सकारात्मक सोच वाला मनुष्य भी अत्यधिक बड़े स्तर की नकारात्मक ऊर्जा से प्रभावित व त्रस्त होकर कुंठित और अवसाद ग्रस्त हो जाता है और अत्यंत ही उच्च कोटि के नीच आदमी भी जानबूझ कर या उनकी 'महान' मूर्खता के कारण सकारात्मक और शुभ कार्यों के विरुद्ध महान और श्रेष्ठ भूमिका निभाते हैं।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा, मसरूंड , चंबा

इस प्रकार के चहुं ओर व्याप्त नकारात्मक माहौल के कारण ही आज का होनहार युवा वर्ग कुंठित, अवसादग्रस्त, पथभ्रष्ट हो कर बहुत बेचैन और आक्रामक हो रहा है। घटिया, निम्न कोटि के नीच विचार और समाचार अत्यंत ही तीव्र गति से सारी दुनिया में तुरंत ही फैल जाते हैं और इन समाचारों के संवाहक और प्रसारक ऐसी ही नकारात्मक सोच और दुर्बुद्धि वाले सामाजिक जानवर होते हैं। इस बार का नोबेल पुरस्कार या कोई राष्ट्रीय सम्मान किसे मिला, इसका पता तो कुछेक गिने-चुने व्यक्तियों को ही रहता है, लेकिन किसी की लड़की का किसी के साथ भाग जाने का समाचार तो कुछेक दिनों ( आज इंटरनेट के जमाने में तो कुछेक मिनटों में ही) में सारे विश्व में फैल जाता है।



यह अधिकतम लोगों के जन्मजात चरित्र व प्रकृति है। देश, समाज के लाखों-लाख लोग अपराध, सनसनी, नकारात्मकता को पसंद करते हैं, मनुष्य व अन्य प्राणियों की विपत्ति में उन्हें कुछ विशेष प्रकार का रस और आनंद मिलता है। आपराधिक, नकारात्मक समाचार प्रकाशित, प्रसारित करने वाले समाचार चैनलों व पत्र-पत्रिकाओं का बहुत बड़ा पाठक वर्ग होना इस तथ्य की पुष्टि करता है। किन्ही का झगड़ा हो जाने पर सैकड़ों लोगों का तुरंत इकट्ठा हो जाना भी मानव चरित्र के इस स्याह पक्ष का साक्षात और प्रत्यक्ष प्रमाण है। निश्चित रूप से दर्शकों की इस भीड़ में एक- दो मानव ही ऐसे होते हैं, जो कि झगड़ा नहीं होने देना चाहते, बाकी के पचासों लोग तो इस झगड़े में अपना मनोरंजन करने के लिए ही वहां पहुंचते हैं। हमारा देश तो नकारात्मक व नीच सोच वाले लोगों से भरा पड़ा है। पूछा जा सकता है कि फिर उन सभी निराशावादी लोगों का जिक्र ही क्यों किया जा रहा? उत्तर भी बड़ा स्पष्ट है कि उन नकारात्मक और आपराधिक सोच वालों से आज के युवाओं को हर हालत में बचाना होगा।

सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक उपायों से बहुत ज्यादा जरूरी है कि आज लोगों, विशेषकर युवाओं के मानसिक और मनोवैज्ञानिक पक्षों का भी गहन अध्ययन कर, कोई ठोस व प्रभावी उपाय और हल ढूंढे जाएं। इसलिए सबसे पहले तो ऐसे निराशावादी, नकारात्मक सोच, भावनाओं वाले लोगों से हमेशा ही युवा वर्ग की रक्षा करनी होगी। तभी देश का युवा अपनी ऊर्जा और क्षमता का सही दिशा में और सकारात्मक तरीके से उपयोग कर पाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### सब्जियों में करें वैकल्पिक उर्वरक का प्रयोग




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** इफको मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के सहयोग से विशेष बिक्री अभियान का आयोजन कृषि विषयवाद विशेषज्ञ ब्लॉक सुंदरनगर में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसडीएम सुंदरनगर अमर सिंह नेगी रहे। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के प्रभारी डॉ. पंकज सूद, डॉक्टर शकुंतला राही, एसएमएस सुंदरनगर डॉ. शमशेर विशेष रूप से उपस्थित रहे। रोहित ग्लोटिया प्रभारी इफको ने किसानों को बताया कि सब्जी की फसल में दानेदार यूरिया का प्रयोग न करें। उसके बदले कैल्शियम नाइट्रेट तथा अन्य वैकल्पिक उर्वरक का अधिक प्रयोग करें।

### खुडी खाहन में 152 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत खुडी खाहन के प्रांगण में बुधवार को बहू विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत खुडी खाहन की प्रधान मीना शर्मा ने की। इस चिकित्सा शिविर में 152 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस शिविर में लोगों के मधुमेह, हिमोग्लोबिन व नसों से संबंधित बीमारियों की जांच भी की गई। इस शिविर में डॉक्टर ज्योति प्रकाश, डॉक्टर प्रिंस शर्मा, डॉक्टर नेहा गौतम, डॉक्टर प्रियंका आयुष फार्मेसी ऑफिसर चेतना शर्मा, विजय ठाकुर, दीपक शर्मा, सरिता देवी वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रतन चंद, राजकुमार, वंदना देवी आशा वर्कर सुनीता देवी ने अपनी सेवाएं दी।

### अखाड़े में बाहर से लाकर डाली जा रही मिट्टी



**भीम बसेडू, महादेव।** नगौण खड्ड जिसे लिंडडी खड्ड भी कहते हैं, यहां सुंदरनगर मेले के अखाड़े को लेकर तरह तरह की बातें करना स्वाभाविक सी बात है। कहा जा रहा है कि पूर्व में यहीं पर खुदाई करके अखाड़ा तैयार किया जाता रहा है, मगर अब आधुनिक समय में बाहर से मिट्टी लाई जाती है, जिसमें अजीब सी गंध होती है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि अखाड़े को परंपरागत तरीके से तैयार नहीं किया जा रहा है, जबकि छिंज एवं कुश्ती के मौके पर तो बाबूगिरी करने वाले कई लोग बड़ी-बड़ी बातें करते नहीं थकते। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अखाड़े का बड़े पैमाने पर सुधार किया जाए। **अनंत ज्ञान**

### वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट कल

**अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 28 मार्च को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहन की पासिंग हरड़गलू मैदान में की जाएगी। इसके लिए स्लॉट खोल दिए गए हैं। वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी। साथ ही यह भी अवगत करवाया है कि सभी संबंधित निर्धारित तिथि को वांछित दस्तावेजों सहित 10 बजे प्रातः निश्चित स्थान पर पहुंच जाएं। बिना स्लॉट बुकिंग के किसी का भी ड्राइविंग टेस्ट नहीं लिया जाएगा।

### वृद्ध आश्रम में मनाया 74वां जन्मदिन

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर के हरिपुर शहरी क्षेत्र से संबंधित समाजसेवी रोशन लाल शर्मा ने बुधवार को अपना 74वां जन्मदिन आनंद धाम वृद्ध आश्रम देहरी में वृद्ध लोगों के बीच में मनाया। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली देहरी में समाजसेवी रोशन लाल शर्मा ने वृद्ध लोगों का कुशलक्षेम पूछा उनके लिए फलाहार आदि का प्रबन्ध कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आश्रम के प्रमुख पीएस गुलेरिया सहित अन्य कई गणमान्य लोगों ने शिरकत कर समाजसेवी शर्मा को बधाई दी तथा वृद्ध लोगों को भी अपनी शुभकामनाएं दी।



### बच्चों को कविता लेखन का तरीका बताया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कला व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रहे थ्रीडी ग्रुप सुंदरनगर द्वारा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय महादेव में दस दिवसीय स्प्रिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के दौरान बुधवार को प्रसिद्ध साहित्यकार व लेखक कृष्ण चंद्र महादेविया ने बच्चों को कविता और कहानी लेखन की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपनी बाल कथाएं और बाल कविताएं सुनाई और उन्हें बताया कि कविता व कहानी कैसे लिखी जाती है। उन्होंने बच्चों से घर पर जाकर थोड़ी देर समाचार पत्र पढ़ने को भी प्रेरित किया।

### 'मां मेरी सिमसा करे शेरां री सवारी' गाना जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बुधवार को अपने कक्ष में संतान दात्री मां शारदा सिमसा को लेकर जोगिंद्रनगर निवासी अंशुल धीमान द्वारा तैयार 'मां मेरी सिमसा करे शेरां री सवारी' वीडियो गाने को जारी किया। इस गाने को अंशुल धीमान ने स्वयं गाया व लिखा है। वीडियो एडिटिंग अक्षय राणा ने की है जबकि संगीत तिलक साहिल ने दिया है। यह गाना अंशुल धीमान के यू-टयूब चैनल सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जल्द उपलब्ध होगा। इस मौके पर सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल, अक्षय राणा तथा देवांश भी मौजूद रहे। एसडीएम मनीश चौधरी ने अंशुल धीमान को संतान दात्री मां शारदा सिमसा के ऊपर गाना तैयार करने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई की भविष्य में भी वे जोगिंद्रनगर क्षेत्र की धार्मिक आस्था व संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।

# मंडी शहर में पेयजल आपूर्ति 30 और 31 को अस्थायी तौर पर रहेगी बाधित

## पाइप लाइन की मरम्मत और लाइन बदलने का किया जाएगा कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



- विभाग की अपील, पानी का कर लें उचित भंडारण
- कार्य पूरा होते ही शीघ्र बहाल होगी सप्लाई

**सहायक** अभियंता जल शक्ति उपमंडल एक मंडी ईं. रोहित गुप्ता ने बताया कि मंडी शहर में 30 और 31 मार्च को दो दिन पेयजल आपूर्ति अस्थायी तौर पर बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि इन दो दिनों में मंडी शहर के लिए विभागीय पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन की मरम्मत व लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य संपूर्ण होते शीघ्र ही जल आपूर्ति को पुनः पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने सभी पेयजल उपभोक्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि वे पानी का उचित भंडारण कर लें व अति आवश्यक कार्यों के लिए ही पेयजल का प्रयोग करके विभाग का सहयोग करें।

उन्होंने बताया कि पेयजल आपूर्ति जल शक्ति उपमंडल नंबर एक मंडी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र मेन बाजार मंडी, बंगला मोहल्ला, भगवाहन मोहल्ला, उपायुक्त कार्यालय, रवि-नगर, सन्यारड़ी, थनेहड़ा मोहल्ला, टारना रोड, टारना मंदिर, मंगवाई, बाड़ी, मट, गणपति रोड, सैण, अस्पताल रोड, क्षेत्रीय अस्पताल, पेलेस-1, पेलेस-2, जेल रोड, पंजेठी, तल्याहड़, ब्राधिवीर, चडयारा, रानीबाई, गेहरा, चांबी, जोला, पधीयूं, केहनवाल रोड तथा आस-पास के स्थानों में अस्थाई रूप से बाधित रहेगी।

### फोरलेन संघर्ष समिति ने गडकरी से की मुलाकात

## नई डीपीआर को जल्द मिलेगा अंतिम रूप, जनता के हित में होगा फैसला

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**फोरलेन** संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को परिवहन मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर क्षेत्र में फोरलेन सड़क निर्माण की मांग को उनके समक्ष रखा। समिति ने इस परियोजना की जरूरत और इससे जनता को होने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की।

संघर्ष समिति के संयोजक बृज गोपाल अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि नितिन गडकरी ने हमारी मांगों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि नई डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार जनता की अधिकतम मांगों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लेगी और परियोजना को जल्द लागू करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, समिति के पदाधिकारियों ने उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद अजय टामटा से भी मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत एजेंडा सौंपा।

सांसद अजय ने समिति को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।संयोजक बृज गोपाल अवस्थी ने कहा कि फोर लेन सड़क का निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए बेहद जरूरी है और जब तक इस पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, समिति अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने जनता से भी इस मुहिम में समर्थन देने की अपील की।

### पूर्व विस अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर के नेतृत्व में कृषि मंत्री से मिले पूर्व सैनिक

## पूर्व सैनिकों को पशुपालन विभाग में जल्द मिलेगी नौकरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**पूर्व** डेढ़ दर्जन सैनिकों को पशुपालन विभाग में रोजगार मिलेगा। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर व अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिप्र के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों का एक दल कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार से मिला और स्थिति से अवगत करवाया।



*कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार से बैठक करते हुए पूर्व सैनिक।*

चमन राही ने कहा कि भारतीय सेवा से सेवानिवृत्त सैनिक जैक राइफल, पंजाब रेजीमेंट, डोगरा रेजीमेंट व एयरफोर्स से सेवानिवृत्त करीब डेढ़ दर्जन सैनिकों को पशुपालन विभाग में रोजगार मिलेगा। सैनिक वेलफेयर पूर्व सैनिक रोजगार सैल हमीरपुर ने 15 जनवरी, 2025 को मानदंडों के अनुरूप निदेशक पशुपालन विभाग को इनका केस भेजा था, लेकिन वहां यह मामला लटका रहा। अंततः गंगूराम मुसाफिर और राज्य प्रवक्ता चमन राही के हस्तक्षेप से मामला आगे बढ़ा।

पूर्व सैनिकों के दल में रमेश कुमार मसेरन, अभिषेक डोगर परागपुर कांगड़ा, राजेंद्र कुमार नौबाही देवी, अशोक बमसन, दिवेंद्र कुमार लेदा, सुनील कुमार घुमारवीं, अनिल अप्पर बैहली सुंदरनगर, ईश्वर दास कटिंडी, नवीन बिलासपुर, सुरेश बल्ह, इंद्रपाल कटिंडी, रजनीकांत द्रंग, राजकुमार सदर, शेषराम टांडू, पितांबर लाल कोटली, बलवंत सिंह उना, सुनील कुमार हमीरपुर, गगन पधियूं सदर मंडी, मानचंद कांगड़ा शामिल रहे।

## घरभेड़ की अंजना को मिला आईडीएसए पुरस्कार

### केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में किया सम्मानित, गांव में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** की तरेंबली पंचायत के घरभेड़ गांव की बेटी अंजना ठाकुर ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। केंद्रीय खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने उन्हें आईडीएसए पुरस्कार (इंडिया डायरेक्ट सेलिंग अवॉर्ड) से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उन्हें नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया, जिसमें देशभर की कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद थीं। अंजना ठाकुर ने अपनी मेहनत, संघर्ष और कभी हार न मानने वाले जज़्बे से यह मुकाम हासिल किया है। शुरुआत में उन्होंने कई कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन उनके आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत ने उन्हें वरिष्ठ प्रबंधक के पद तक पहुंचाया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिजनों और फॉरएवर इंडिया को दिया, जिन्होंने उन्हें यह मंच प्रदान किया। अंजना ठाकुर को यह प्रतिष्ठित सम्मान मिलने की खबर मिलते ही उनके परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने मिठाइयां बांटी और बधाइयों का सिलसिला जारी है।




अंजना ठाकुर की इस उपलब्धि से पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। स्थानीय नेताओं, समाजसेवियों व पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता से प्रेरित होकर क्षेत्र की अन्य युवतियां भी अपने सपनों को साकार करने के लिए उत्साहित हैं।

### छोटी काशी में धूमधाम से मनाएंगे सिद्धार्थी विक्रमी संवत 2082

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** छोटी काशी मंडी में सिद्धार्थी विक्रमी संवत 2082 का शुभारंभ समारोह बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी ने कदमताल आरंभ कर दी है। आगामी 30 मार्च को प्रातः ऐतिहासिक सेरी मंच पर भव्य और अद्भुत आयोजन किया जा रहा है। संयोजक नीरज हांडा ने बताया कि सेरी मंच की शुद्धि देशी गाय के गोहर से होगी तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इस दौरान चिन्हित स्थल में बिना जूतों के प्रवेश होगा और देशी गौवंश के घी दूध दही आदि से हवन यज्ञ का आयोजन होगा। इस मौके पर प्रधान बीसी सरोज, वरिष्ठ उपप्रधान हरीश वैद्य, जीसी सैनी, डॉ. ओमराज, कोषाध्यक्ष मुरारी शर्मा आदि शामिल रहे।

## दूसरे चरण में शराब के ठेकों की 3 यूनिटें 5.07 प्रतिशत वृद्धि के साथ हुईं नीलाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

- 20 यूनिटों में से 12 यूनिटों की नीलामी प्रक्रिया पूरी

मंडी जिला के शराब के ठेकों की नीलामी प्रक्रिया के दूसरे चरण में 3 यूनिटों की नीलामी हुई है। ये यूनिटें 5.07 प्रतिशत की वृद्धि के साथ नीलाम हुईं। मंगलवार को नीलामी प्रक्रिया जिला परिषद सभागार में जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा पूरी की गई। 20 मार्च को आयोजित नीलामी प्रक्रिया के दौरान 20 यूनिटों में 9 यूनिटों की नीलामी प्रक्रिया हुई थी। अभी तक जिला की 8 यूनिटों के लिए किसी ने नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं लिया है।

अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि दूसरे चरण में मंगलवार को 11 यूनिटें नीलामी के लिए प्रस्तावित थीं, जिनमें से तीन यूनिटें नगवाईं-कमांद, धर्मपुर और बरोटी की कुल 33 दुकानें नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

उन्होंने बताया कि यह यूनिटों निर्धारित आरक्षित मूल्य 13 करोड़ 21 लाख 93 हजार 901 रुपए के मुकाबले 5.07 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13 करोड़ 89 लाख 2 हजार रुपए में नीलाम हुईं। उन्होंने बताया कि नगवाईं-कमांद यूनिट की 18 दुकानों का आरक्षित मूल्य 6.18 करोड़ के मुकाबले 2.91 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6.36 करोड़ में, धर्मपुर यूनिट की 8 दुकानें आरक्षित मूल्य 3.75 करोड़ रुपए के मुकाबले 6.95 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.51 करोड़ में तथा वरोटी यूनिट की 7 दुकानें आरक्षित मूल्य 3.28 करोड के मुकाबले 7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.51 करोड़ में नीलाम हुई।

उन्होंने बताया कि 20 मार्च को आयोजित नीलामी प्रक्रिया के दौरान मंडी-पंडोह यूनिट 9.85 करोड़, सुन्दरनगर टाउन 10.83 करोड़, जरोल 8.99 करोड़, चैलचौक 13.54 करोड़, चुराग 9.85 करोड़, पधर-बरोट 6.6 करोड़, चौंतरा-भरोल 6.9 करोड़, चौलथरा-संधोल 8 करोड़ और एहजु खलियार एल-20बी 2.77 लाख में नीलाम हुई थी। नीलामी प्रक्रिया के दौरान संयुक्त आयुक्त मध्य जोन मंडी विवेक महाजन, आबकारी एवं कराधान मंडी आयुक्त वरूण कटोच, आवकारी एवं कराधान आयुक्त सिरमौर हिमांशु मौजूद रहे।

### बरौहकड़ी में मनाया सीएम का जन्मदिन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** घरोट पंचायत के गांव बरौहकड़ी और प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र धनोटू चौक में मीरा ठाकुर, पूर्व प्रधान काहन चंद ठाकुर, सिद्धू राम भारद्वाज, रोशन लाल अध्यक्षता में सीएम सुक्खू का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मदास चौहान ने बतौर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की और बच्चों ने केक काटा तथा मरीजों को फ्रूट बांटे। इस मौके पर ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री बच्चों से बहुत प्यार करते हैं और इसलिए ग्रामीण क्षेत्र बरौहकड़ी में बच्चों द्वारा केक काट कर खुशी मनाई गई। इस मौके पर रोशन लाल, श्रवण कुमार, श्यामलाल, वीरेंद्र कुमार, ईश्वर दास, राजेंद्र कुमार, खेमाराम, कपिल कुमार, ललित कुमार, रविंद्रा कुमारी, रोशन लाल, भोले शंकर, डोली देवी, अंजू देवी, यादविंद्र, खीमी देवी सहित मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर युकां ने बांटे फल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीएम सुक्खू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सरकाघाट युवा कांग्रेस ने हॉस्पिटल में जाकर उपचाराधीन स्थानीय जनता, बुजुर्गों और बच्चों को फल और जूस बांटे एवं सबका हाल जाना। युवा टीम ने सरकाघाट के युवाओं को भी संदेश देने का प्रयास किया कि आज का युवा जो चिट्टे जैसी महामारी की चपेट में आ रहे हैं उनको अपना ध्यान इस प्रकार समाजसेवा की तरफ आकर्षित करना चाहिए। इस मौके पे जिला मंडी महासचिव डीएल राव, ब्लॉक अध्यक्ष अतुल राठौर, मंडलम अध्यक्ष साहिल, युवा नेता पंकज नेगी, विक्की, ललित, निशांत कुमार और इनकी समस्त टीम ने एक अच्छा प्रयास समाज के लिए किया।

### जखेड़ा-समकल-हरवाणी मार्ग खस्ताहाल

**अनंत ज्ञान, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत घांघल के एक बड़े भाग में लोक निर्माण विभाग गड्ढों की गिरफ्त में पड़े मार्ग को सुधारने में पिछड़ता नजर आ रहा है जिससे वाहन चालकों सहित पदयात्रियों इत्यादि की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जखेड़ा-समकल व हरवाणी मार्ग वाहन चालकों सहित पदयात्रियों के लिए मुश्बित बना है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि जबसे मार्ग पक्का हुआ है तब से लेकर मार्ग की गुणवत्ता भरी मरम्मत के दृष्टिगत संबंधित विभाग किनारा किए हुए है और मार्ग को राम भरोसे छोड़ दिया गया है। ऐसी बुरी स्थिति में मार्ग बर्बादी की कगार पर है जिससे बुद्धिजीवी लोगों में संबंधित विभाग एवं सरकार के प्रति रोष एवं गुस्सा व्याप्त है। लोगों ने उपायुक्त मंडी से मांग की है कि शीघ्र ही घनी आबादी से जुड़े उक्त गड्ढों भरे मार्ग की दशा सुधारने के लिए कारगर कदम उठाए।

## वीर नारियों को शॉल भेंट कर किया सम्मानित

### पूर्व सैनिक लीग जोगिंद्रनगर ने धूमधाम से मनाया 51वां स्थापना दिवस

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** बुधवार को पूर्व सैनिक लीग जोगिंद्रनगर ने बुधवार को 51वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टेशन हेडक्वार्टर पालमपुर के कर्नल जेएस संधू ने की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक लीग के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पण से हुई, जहां सभी उपस्थित लोगों ने देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीरों को नमन किया। मुख्यातिथि ने वीर नारियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस भावुक क्षण में उपस्थित लोगों ने वीरनारियों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। **अनंत ज्ञान**



### पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**पूर्व** सैनिक लीग जोगिंद्रनगर के चेयरमैन सेना मेडल कर्नल गोविंद सिंह शाही ने बताया कि यह आयोजन न केवल पूर्व सैनिकों को एक मंच प्रदान करने के लिए था, बल्कि उनकी समस्याओं और विचारों को सुनने के लिए भी आयोजित किया गया था। पूर्व सैनिकों ने पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रश्न और सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर मुख्य अतिथि ने गंभीरता से विचार करने और समाधान का आश्वासन दिया।

### खेल जगत के सैनिकों को मिला सम्मान

**कार्यक्रम** में वॉलीबॉल खिलाड़ी हवलदार हेम सिंह, कैप्टन बलदेव सिंह और जोगिंद्रनगर लीग के सचिव नेक राम को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले विद्यालयों को भी सम्मानित किया गया।

### नलवाड़ मेला करसोग की तैयारियां शुरू

**लक्की, करसोग।** करसोग में अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह मनाये जाने वाले सात दिवसीय जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि देवो के देव ममलेश्वर महादेव के आर्शीवाद व उनके निर्देशानुसार ही मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम गौरव महाजन ने कहा कि नलवाड़ मेला एक पौराणिक व प्राचीन मेला है और देव समाज से जुड़ा हुआ प्रचीन मेला है। इस वर्ष मेले को वर्तमान परिस्थितियों और युवा पीढ़ी की आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुए आधुनिक समयानुसार आयोजित किया जाएगा। **अनंत ज्ञान**

## शतरंज में जतिन बने सीनियर वर्ग में चैंपियन

### अंडर-12 में सक्षम सहगल व अंडर-16 में विवान शर्मा अव्वल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**राज्य स्तरीय** नलवाड़ किसान मेला सुंदरनगर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमंत शर्मा ने कहा कि शतरंज का खेल बच्चों के मानसिक संवर्धन के साथ उनमें एकाग्रता का संचार करता है और उन्हें नशे से दूर रखने में कारगर साबित हो रहा है।

चीफ ऑर्बिटर राजकुमार शर्मा ने बताया कि सीनियर ओपन वर्ग में 26, अंडर-16 ओपन वर्ग में 41 व अंडर-12 ओपन वर्ग में 24 खिलाड़ियों सहित कुल 91 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीनियर वर्ग में पांच दौर की बाजियों के बाद जतिन शर्मा 4.5 अंक लेकर चैंपियन बने व दूसरे तथा तीसरे स्थान पर गौरव व विनीत झा रहे। अंडर-16 वर्ग में विवान शर्मा 5.5 अंक लेकर चैंपियन बने व इशिता ठाकुर पांच अंक लेकर दूसरे तथा शौर्य बहल पांच अंक लेकर ही तीसरे स्थान पर रहा। अंडर-12 वर्ग में सक्षम सहगल पांच अंक लेकर चैंपियन बना व ऋग्वेद जंबाल 4.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर तथा अनामिका चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

विजेताओं को स्थानीय निजी कॉलेज के डायरेक्टर पंकज सोनी द्वारा सम्मानित किया गया। डिप्टी चीफ आर्बिटर हंस राज ठाकुर ने कहा कि प्रतियोगिता को संचालित करवाने में नैना देवी, प्रांजली शर्मा, अरविंद प्रवीण शर्मा, हेम सिंह सेन व रूप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आखिल भारतीय शतरंज महासंघ के सह सचिव व राज्य शतरंज संघ के महासचिव संजीव ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय शतरंज संघ द्वारा अक्टूबर माह में राष्ट्रीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश में आयोजित करवाई जाएगी।

**जागरूकता** राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले के दौरान मैराथन दौड़ से दिया नशे से दूर रहने का संदेश

# अंडर-15 आयु वर्ग में रमन व नेहा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**नशा** मुक्त सुंदरनगर थीम पर आधारित राज्य स्तरीय नलवाड़ किसान मेले के दौरान पुरुष व महिलाओं की विभिन्न आयु वर्ग की श्रेणियों के लिए विशेष मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का आयोजन शुकदेव वाटिका के समीप झील किनारे से लेकर कंट्रोल गेट तक किया गया। इस दौड़ में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दौड़ का शुभारंभ बुधवार सुबह 8 बजे आईपीएस सचिन हीरामठ ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आईपीएस सचिन हीरामठ ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैराथन को 6 श्रेणियों में विभाजित किया गया था जिसमें पुरुष अंडर-15 आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर रमन, दूसरे कार्तिक जबकि तीसरे स्थान पर शिवांश, महिला अंडर-15 आयु वर्ग में प्रथम नेहा, दूसरे पर श्रेया और तीसरे प्राची, पुरुष 16 से 40 आयु वर्ग में प्रथम अनिल कुमार, दूसरे पर अनीश, तीसरे पर नागेंद्र पाल, महिला 16 से 40 आयु वर्ग में प्रथम मानसी, दूसरे रिचा शर्मा, तीसरे निधी ठाकुर, पुरुष 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम सुख राम, दूसरे तुलसी राम, तृतीय अमर सिंह, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान पर सुरेंद्र सिंह, दूसरे पर नारायण सिंह, तीसरे स्थान पर परमानंद रहे।



### बास्केटबॉल प्रतियोगिता में हमीरपुर बना विजेता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राज्य स्तरीय नलवाड़ किसान मेला सुंदरनगर के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुरुष वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) सुंदरनगर लेख राम भारद्वाज ने किया। 8 टीमों में बास्केटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला हमीरपुर और एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के बीच खेला गया जिसमें हमीरपुर ने 83-47 से मैच जीता। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच घुमारवीं और मंडी के बीच खेला गया। घुमारवीं ने यह मैच 55-47 से अपने नाम किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला घुमारवीं और हमीरपुर के बीच खेला गया, जिसमें हमीरपुर ने 72-56 से जीत दर्ज कर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि कृष्ण कुमार नेगी ने विजेता व उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### अनावंटित खुदरा आबकारी दुकानों की नीलामी आज

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आबकारी विभाग ऊना के उपायुक्त टिक्कम राम ने बताया कि ऊना जिले के अनावंटित नहीं हुई खुदरा आबकारी दुकानों की नीलामी प्रक्रिया 27 मार्च को सुबह 11.30 बजे आबकारी विभाग ऊना के उपायुक्त कार्यालय में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त आबकारी कार्यालय ऊना में संपर्क किया जा सकता है।

### चिंतपूर्णी में 5 लाख से अधिक दान करने वाले होंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में 5 लाख से अधिक की नकद डोनेशन करने वाले और इसके अलावा 5 लाख से अधिक अतिरिक्त कीमत के वहां दान करने वाले या कोई अन्य डेवलपमेंट का काम करने वाले श्रद्धालुओं को एसडीएम द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसके अलावा भरवाई मुबारिकपुर रोड पर होर्डिंग्स लगाए जाएंगे जिसमें मंदिर न्यास द्वारा संचालित (कटोहड़ कला) अंब गोशाला की पब्लिसिटी की जाएगी ताकि श्रद्धालु गोशाला में खुद जाकर गोमाता को हरा चारा दान करें।

### खनन की शिकायत को लेकर सीएम से मिले

**अनंत ज्ञान, घनारी।** क्षेत्र के गांव मरवाड़ी में बिना अनुमति के अवैध स्टोन क्रशर स्थापित करने की शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंच गई है। इस बारे में शिकायतकर्ता देवी लाल सांडिल की अगुवाई में गांव मरवाड़ी के स्थानीय निवासी मुख्यमंत्री से मिले हैं। शिकायतकर्ता देवीलाल ने बताया अवैध क्रशर की शिकायत खनन संबंधित विभागों को की गई, मगर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई, बल्कि जो व्यक्ति यह अवैध कार्य चला रहा है, उनने कुछ दिन पहले जान से मारने की धमकी व गाली-गलौज भी किया गया था। इसकी शिकायत गगरेट थाने में दी गई। देवीलाल ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि यह अवैध क्रशर व खनन का कार्य बड़े अधिकारियों व विभागीय संरक्षण के कारण हो रहा है। देवीलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस प्रकरण में जो भी शामिल है, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### अंब कॉलेज में बीसीए विभाग ने दी विदाई पार्टी

**विवेक शर्मा, अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में बुधवार को बीसीए की फेयरवेल पार्टी का आयोजन बहुत ही अनुशासनात्मक और शांतिपूर्ण ढंग से किया गया। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीसीए के को-आर्डिनेटर प्रो. अनिल वर्मा ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का बहुत महत्व रहता है। इस फेयरवेल पार्टी में मिस्टर अक्षत और मिस फेयरवेल इशिका और मिस्टर तथा मिस पर्सनालिटी अरमान राणा और पलक जबकि बेस्ट परफॉर्मर जतिन शर्मा तथा सुहानी ठाकुर चुने गए। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा समर्थक मंच करेगा चुनावों में बीजेपी का समर्थन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा समर्थक हिमाचल प्रदेश मंच के राज्य अध्यक्ष अमर नयन की अध्यक्षता में चिंतपूर्णी में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा समर्थन मंच के सदस्यों ने हिस्सा लिया। राज्य अध्यक्ष अमर नयन ने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश में अलग-अलग जिलों में हिमाचल प्रदेश मंच की ओर से राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चलाया गया है जिसमें लोग बढ़-चढ़कर इस अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि भाजपा समर्थक मंच अपनी तरफ से 2027 में हिमाचल प्रदेश और 2029 में पूरे भारत को कमलमय बनाना है। इस मौके पर इस सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पी चिन्ना सुब्बाराव काकीनाड आंध्र प्रदेश, राष्ट्रीय अध्यक्षा महिला युवा मोर्चा नीलाबेनी रघु बेंगलूरु, जिला कांगड़ा प्रभारी नरेश कुमार भी मौजूद रहे।

### शिमला प्रदर्शन में कुटलैहड़ से जाएंगे 350 कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व हिमाचल की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण जनता त्रस्त हो चुकी है। प्रदेश में गोलीकांड लाठीचार्ज हत्या, मारपीट का बोलबाला है। यह बात जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलराम बबलू व डेरा बाबा रुद्रानंद मंडल के अध्यक्ष राज कुमार वर्मा ने कही। बलराम बबलू ने कहा कि इन्हीं आरोपों को लेकर भाजपा 27 मार्च को शिमला में विधानसभा के बाहर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के नेतृत्व में 350 कार्य कर्ताओं का एक बड़ा जत्था शिमला में प्रस्तावित आंदोलन रैली में भाग लेने के लिए तैयार हो गया है।

### चार छात्रों ने उत्तीर्ण की जेएनवी की प्रवेश परीक्षा

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को कम आंकने वालों को राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला मवा सिंधिया के विद्यार्थियों ने आइना दिखाया है। इस स्कूल के चार विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रदेश परीक्षा पास कर जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाकर स्कूल में मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लोहा मनवाया है। राजकीय प्राथमिक केंद्र विद्यालय मवा सिंधियां की मुख्य केंद्र शिक्षिका अनीश कुमारी ने बताया कि स्कूल के शिक्षक राज कुमार, रमन कुमार, सुरेश कुमार, सुषमा देवी, कुलविंदर, सुनीता, रेखा व साक्षी की टीम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्प है और प्रत्येक विद्यार्थी के मूल गुणों को पहचान कर उसी अनुसार पढ़ाई व अन्य गतिविधियां करवाई जाती हैं।

# 6 लोगों की जलशक्ति विभाग ने पाइपें की जब्त

## पेयजल कनेक्शन से किचन गार्डन की सिंचाई करने पर की कार्रवाई, गर्मियों को लेकर की सख्ती

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

गर्मी का मौसम शुरू होते ही पेयजल का दुरुपयोग भी शुरू हो गया है। कई लोग पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं तो कुछ लोगों के लिए पेयजल कनेक्शन अपने किचन गार्डन की सिंचाई का साधन बन गए हैं।

बुधवार को जलशक्ति विभाग के कर्मियों ने विकास खंड गगरेट की अंबोटा पंचायत में पेयजल दुरुपयोग के आधा दर्जन से अधिक मामले पकड़े हैं। जलशक्ति विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल पेयजल कनेक्शन से पाइपें लगाकर किचन गार्डन की सिंचाई कर रहे इन पेयजल



कनेक्शनधारकों की पाइपें जब्त की गई हैं, लेकिन अगर भविष्य में फिर ऐसा पाया गया तो ऐसे पेयजल कनेक्शन प्लग होंगे।

बेशक पानी की बूंद-बूंद को बचाने के संदेश जलशक्ति विभाग समय-समय पर देता है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह संदेश मायने नहीं रखते। गर्मी के मौसम में खासकर पेयजल किल्लत की शिकायतें कई इलाकों से आती हैं, लेकिन इसके लिए भी वही लोग जिम्मेदार हैं जो गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हैं। सभी को सुगम पेयजल सप्लाई सुनिश्चित हो इसके विपरीत कुछ लोगों की प्राथमिकता पेयजल कनेक्शन से अपने किचन गार्डन की सिंचाई है।

घर में उगी सब्जी का स्वाद चखने को मिले, इसके लिए कुछ लोगों पेयजल किल्लत पैदा कर कुछ लोगों को सुचारु पेयजल सप्लाई से ही मरहूम कर रहे हैं। विकास खंड गगरेट की अंबोटा पंचायत के वार्ड नंबर 10 में लगातार पेयजल किल्लत की शिकायतें कुछ लोगों द्वारा की जा रही थीं।

इस पर बुधवार को जब विभागीय कर्मी इलाके की गश्त पर निकले तो पाया कि कुछ नलों में तो पानी की बूंद तक नहीं टपक रही थी, जबकि कुछ घरों में पेयजल कनेक्शन से पाइपें लगाकर किचन गार्डन की सिंचाई की जा रही थी। नियमानुसार पेयजल कनेक्शन से पाइप लगाकर सिंचाई नहीं की जा सकती, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर कुछ लोग गर्मी के मौसम में लगने वाली सब्जियों की सिंचाई में मशगूल थे। यही नहीं बल्कि कई स्थानों पर तो पाइप सीधे पेयजल कनेक्शन से लगाकर किचन गार्डन में छोड़ रखी थी और ये भी देखने वाला कोई नहीं था कि पानी व्यर्थ में तो नहीं बह रहा है। विभागीय कर्मियों ने ऐसे छह घरों से पाइपें जब्त की हैं।

जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता पंकज कुमार का कहना है कि लोग गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई सुचारु रखने में सहयोग दें और पेयजल कनेक्शन से सीधे सिंचाई न करें। उन्होंने कहा कि अभी तो सिर्फ ऐसा करने वालों की पाइपें जब्त की हैं बल्कि अगली बार ऐसे लोगों के पेयजल कनेक्शन ही प्लग कर दिए जाएंगे।

### तान्या मित्तल ने चिंतपूर्णी में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बुधवार को माता चिंतपूर्णी के चरणों में तान्या मित्तल ने हाजिरी भरी। इस मौके पर पुजारी भूषण कालिया ने पूजा-अर्चना करवाई। वह एक युवा उद्यमी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और मिस एशिया टूरिज्म यूनिवर्स 2018 रह चुकी हैं।

तान्या मित्तल हाल ही में महाकुंभ में यूपी टूरिज्म के प्रचार के लिए आई थीं और झूंसी में हुई भगदड़ के बारे में सबसे पहले लोगों को जागरूक करने के लिए चर्चा में आई हैं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण ट्रैकर ऐप से मिलेगा राशन : नरेंद्र कुमार



**अनंत ज्ञान, ऊना**

महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार ऊना जिले में पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषाहार वितरण की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। अब बिना फेशियल रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस) और मोबाइल नंबर पंजीकरण के पोषाहार नहीं मिलेगा।

यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार ने बाल विकास परियोजना हरोली के वृत्त पंजावर के पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने के उपरांत दी। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को यह सम्मान मार्च 2025 माह में फेशियल रिकग्निशन सिस्टम शत-प्रतिशत पूरा करने पर दिया गया। उन्होंने बताया कि ऊना जिले का फेशियल रिकग्निशन सिस्टम की प्रतिशतता 13 से बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

## चिंतपूर्णी में चैत्र नवरात्र मेला 30 मार्च से 6 अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी/ऊना**

माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित होगा। यह जानकारी एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने चैत्र नवरात्र मेले के सफल आयोजन के लिए बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि एसडीएम अंब मेला अधिकारी होंगे, जबकि डीएसपी अंब को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को चार सेक्टर में बांटा जाएगा, जिसमें पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे। मेले के दौरान मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों का समुचित उपयोग किया जाएगा ताकि असामाजिक तत्वों के जरिए होने वाली अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। एसडीएम ने मंदिर अधिकारी को सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिन शर्मा ने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने को चिंतपूर्णी अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके लिए खंड चिकित्सा अधिकारी अंब मेला चिकित्सा अधिकारी होंगे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेद विभाग द्वारा एक-एक अतिरिक्त मेडिकल पोस्ट भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने मेले के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ व साफ-सुथरा पेयजल मुहैया करवाने के लिए जलशक्ति विभाग को पेयजल स्रोतों की स्वच्छता व समुचित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पानी के समस्त पेयजल स्रोतों की क्लोरिनेशन करने के भी निर्देश दिए। बिजली बोर्ड भी सुचारु बिजली आपूर्ति के लिए सभी आवश्यक निरीक्षण कर लें। बैठक में यातायात प्रबंधन, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के रहने संबंधी व्यवस्था के अतिरिक्त साफ सफाई की व्यवस्था रखने बारे भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर डीएसपी अंब वसूदा सूद, स्थानीय पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### लंगर लगाने के लिए लेनी होगी अनुमति

एसडीएम ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत मेलावधि के दौरान मंदिर में नारियल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान लंगर लगाने के लिए लंगर कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके लिए 10 हजार रुपए फीस निर्धारित की गई है। इसके अलावा लंगर आयोजकों को लंगर कमेटी द्वारा स्वच्छता व सड़क सुरक्षा सहित सभी निर्धारित नियमों का पालन करना होगा अन्यथा उन्हें लंगर के लिए जारी किए गए परमिट रद्द किए जा सकते हैं। एसडीएम ने बताया कि माता श्री चिंतपुर्णी में भिक्षावृत्ति पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की प्रशासन ने तेज की तैयारियां

### कांगड़ मैदान में 27 अप्रैल को होगा भव्य शुभारंभ, कलाकारों के ऑडिशन 8 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

बहुप्रतीक्षित राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025 इस वर्ष 27 से 29 अप्रैल तक हरोली विधानसभा क्षेत्र के कांगड़ मैदान में आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए 8 से 10 अप्रैल तक स्थानीय कलाकारों के ऑडिशन लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में होंगे। ऑडिशन 8 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होंगे। 8 और 9 अप्रैल को ऊना जिले के कलाकारों के लिए तथा 10 अप्रैल को अन्य जिलों के प्रतिभागियों के लिए ऑडिशन रखे गए हैं।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि कलाकार एसडीएम कार्यालय, हरोली में आवेदन कर सकते हैं अथवा ईमेल 'स्टेट लेवल हरोली उत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम' पर आवेदन भेज सकते हैं। इच्छुक कलाकार ऑडिशन वाले दिन मौके पर भी आवेदन जमा कर सकते हैं। नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ऑडिशन से छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस उत्सव में हिमाचली कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने पर विशेष जोर रहेगा।

**समितियों का किया गठन :** बता दें, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निर्देशानुसार, राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025 के भव्य आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त ने बताया कि यह उत्सव हरोली के कांगड़ मैदान में पूरी भव्यता और जनसहभागिता के साथ आयोजित किया जाएगा।

तमाम तैयारियों को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और सभी समितियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। हमारा प्रयास है कि जन सहभागिता के साथ राज्य स्तरीय हरोली उत्सव-2025 एक यादगार आयोजन बने। यह उत्सव न केवल हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को नई ऊर्जा प्रदान करेगा, बल्कि हरोली क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**भव्य शोभायात्रा से होगा शुभारंभ :** जतिन लाल ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 27 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा से होगी। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 27, 28 और 29 अप्रैल को सांस्कृतिक संध्याओं में हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकारों सहित राष्ट्रीय स्तर की दिग्गज हस्तियां मंच पर अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेगी। दिन में स्थानीय शिक्षण संस्थानों और सांस्कृतिक समूहों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी।

**विभिन्न आयोजनों से सजेगा उत्सव** इस उत्सव में पशु मेला, डॉग शो और बेबी शो का आयोजन भी किया जाएगा। सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

#### ट्रेड फेयर और खेल प्रतियोगिताएं होंगी आकर्षण का केंद्र

उपायुक्त ने बताया कि उत्सव के दौरान कांगड़ मैदान में एक माह तक ट्रेड फेयर भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्वयं सहायता समूहों और व्यावसायिक संस्थानों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। स्थानीय उद्यमिता और व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह मेला खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा, युवाओं को नशे से दूर रखने और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। मुख्य रूप से कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताओं के साथ साहसिक खेलों को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिनमें हॉट एयर बैलूनिंग सहित अन्य रोमांचक गतिविधियां शामिल होंगी।

## बड़ूही-टकारला सड़क पर टारिंग का कार्य शुरू, जाम से मिलेगी मुक्ति



**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

बड़ूही-टकारला सड़क पर पिछले तीन महीने से चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के बाद अब टारिंग का काम शुरू कर दिया गया है। सड़क चौड़ीकरण का काम पूरी गति से चल रहा है।

अब टारिंग का काम अंतिम चरण में है, जो अगले एक सप्ताह के भीतर पूरा होने की संभावना है। सड़क का चौड़ीकरण और टारिंग कार्य खत्म होते ही, इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र की यातायात समस्या को हल करने में मददगार साबित होगी और यात्रियों के लिए एक सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि यह कार्य जनता की सुविधा के लिए किया जा रहा है और जल्द ही सड़क को बेहतर रूप में तैयार कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

इसके साथ ही, इस सड़क निर्माण के पूरा होने के बाद स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों को भी लाभ होगा, क्योंकि चौड़ी और ठीकठाक सड़क से यातायात में तेजी आएगी और ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी। यह सड़क निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और लोगों को बेहतर यातायात सेवा प्रदान करेगी।



## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों बारे बताया




**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सराहां के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज सभागार में सड़क सुरक्षा विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक, रोड सेफ्टी क्लब) ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के तौर पर पधारे नरेश कुमार (एएसआई, पुलिस थाना पच्छाद) ने विद्यार्थियों को विभिन्न सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और युवाओं में बढ़ती हुई नशे की प्रवृत्ति एवं इसके दुष्परिणामों पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान ने विद्यार्थियों को अपना शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजन कौशल (आचार्य , अंग्रेजी विभाग) ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कृषि उद्यमिता पर शूलिनी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश में कृषि उद्यमिता के बारे में क्षमता निर्माण और युवाओं की धारणा पर आईसीएसएसआर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शूलिनी विश्वविद्यालय में शुरू हुआ। कृषि विभाग और उद्योग विभाग के सहयोग से शूलिनी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संकाय (एफएमएस) और राजकीय कन्या महाविद्यालय (आरकेएमवी) शिमला, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को कृषि उद्यमिता में सशक्त बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. रविंद्र सिंह जसरोटिया मुख्यातिथि थे। इस कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों और उद्योग पेशेवरों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र का नेतृत्व एफएमएस के अध्यक्ष और डीन मुनीश सहरावत ने किया, जिन्होंने गणमान्य व्यक्तियों का परिचय करवाया और सम्मेलन का एजेंडा निर्धारित किया। आरकेएमवी की प्रिंसिपल डॉ. अनुरीता सक्सेना ने कृषि उद्यमिता में आरकेएमवी संकाय के सक्रिय शोध योगदान पर प्रकाश डाला और इस क्षेत्र में शूलिनी विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरकेएमवी के 20 संकाय सदस्यों और 30 छात्रों के साथ-साथ छह उद्यमियों ने ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए सम्मेलन में भाग लिया।

### संवेदनशील तकनीकों को अपनाना समय की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में जलवायु परिवर्तन के परिदृश्य में टिकाऊ पुष्प कृषि पद्धतियां और भूनिर्माण विषय पर 10 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित है और इसका उद्देश्य देशभर के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं कृषि विशेषज्ञों को पर्यावरण अनुकूल पुष्प विज्ञान एवं साज-सज्जा की टिकाऊ तकनीकों से प्रशिक्षित करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के निदेशक अनुसंधान डॉ. संजीव कुमार चौहान ने किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों पर गहराई से प्रकाश डालते हुए कहा कि परंपरागत कृषि पद्धतियां अब पर्याप्त नहीं हैं और टिकाऊ, पर्यावरण-संवेदनशील तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में लागू कर स्थानीय किसानों और समाज को लाभान्वित करें।

### स्टूडेंट्स ने कृषि तकनीकों के बारे में जाना

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की शिक्षा खंड के अंतर्गत कोलका स्कूल के स्टूडेंट्स ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत यशवंत सिंह परमार औद्योगिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी और विज्ञान शिक्षण एवं सृजनात्मकता केंद्र शोघी शिमला का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रकार के पौधों को देखा और कृषि तकनीकों के बारे में जाना। उन्होंने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का भ्रमण किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने शोघी में इंटरैक्टिव मॉडल के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को आसानी से समझने का प्रयास किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रयोगों को देखा और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय प्रभारी गुलजारी लाल ने बताया कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इन भ्रमणों के दौरान विद्यार्थी विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं और अपने ज्ञान को बढ़ाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक भ्रमण आयोजित किए जाने की आशा जताई।

### पानी किल्लत के निजात को बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** बद्दी के एसडीएम विवेक महाजन ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर गर्मियों के दिनों होने वाली किल्लत को दूर करने के लिए जरूरी कदम उठाना शुरू कर दिए हैं। दून विधानसभा में कोटला, तालड़, शील, साई, भटोली खूर्द, नंदपुर, बंद व भागुड़ी योजनाओं में गर्मियों के दौरान पेयजल किल्लत हो जाती है, जिससे संबंधित क्षेत्र के लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए भटकना पड़ता है। दून के विधायक ने भी इन सभी स्थानों पर बोरबेल लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा कई योजना में पुरानी पंपिंग मशीनरी लगी हुई है। इससे पानी पर्याप्त नहीं उठता है। इसके लिए भी बैठक में चर्चा हुई। जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राहुल अबरोल ने बताया कि थाना, झाड़माजरी, धोलर, माजरी, मधाला व मधाला टू में मशीनरी बदलने की जरूरत है। इसमें मधाला में नई समरसीवल पंप लगा दिया गया है। इसके अलावा साई गांव में हजार लीटर का स्टोर टैंक बना दिया गया है। इस टैंक के बनने से साई क्षेत्र के लोगों को पानी की किल्लत नहीं होगी। कुछ योजनाओं में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इसके चलते योजना प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने स्टाफ की कमी को भी पूरा करने की मांग की है।

# प्रदेश में एक बड़े नशा मुक्ति केंद्र की आवश्यकता

## राज्यपाल ने कहा, सैनिक की तरह नशे जैसे दुश्मन को प्रवेश करने से रोकें

**अनंत ज्ञान, नाहन**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में एक बड़े नशा मुक्ति केंद्र की आवश्यकता है और इसके निर्माण की दिशा में प्रदेश सरकार को कदम उठाने चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे सैनिक की भांति सतर्क रहकर नशे को अपने घरों में प्रवेश न करने दें।

राज्यपाल सिरमौर जिले के धौलाकुंआ स्थित क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत खैरी अनुसंधान प्रक्षेत्र में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) तथा आईसीएआर-केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा आयोजित किसान मेला एवं नशा उन्मूलन जागरूकता शिविर में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने खैरी अनुसंधान प्रक्षेत्र का उद्घाटन किया और विद्यार्थियों की नशा



जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। सुधारात्मक कार्यों के बिना नशा उन्मूलन संभव नहीं है। उन्होंने विशेष रूप से पंचायतीराज संस्थाओं एवं महिलाओं से इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर नए सत्र से प्रत्येक विद्यार्थी को नशा न करने का शपथ पत्र देना होगा और यदि कोई विद्यार्थी नशे का सेवन करता पाया गया, तो उसका प्रवेश रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हिमाचल प्रदेश में नशामुक्त हिमाचल अभियान आरंभ किया। प्रारंभ में अपेक्षित सफलता नहीं मिली, लेकिन अब सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। यह अभियान तभी सफल होगा, जब समाज के सभी वर्ग—विशेष रूप से शिक्षक, माता-पिता और युवा इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने सिरमौर जिला प्रशासन द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की प्रस्तुति देखी और नमो ड्रोन दीदी परमजीत कौर से संवाद किया।

राज्यपाल ने केंद्र परिसर में रुद्राक्ष और सिंदूर के पौधे रोपित किए। कार्यक्रम में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने राज्यपाल का स्वागत किया और विश्वविद्यालय द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। आईसीएआर-केंद्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. संजीव वर्मा ने अनुसूचित जाति के उत्थान में संस्थान की भूमिका पर प्रकाश डाला। अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने राज्यपाल को अनुसंधान केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत करवाया।

## सिंबोसिस फार्मा के निदेशक को जान से मारने की धमकी, एसपी से की शिकायत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अक्सर विवादों में रहने वाली सिंबोसिस फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर जंगवीर सिंह का एक और बड़ा कारनामा फार्मा जगत में चर्चा का विषय बन गया है। इस फार्मा कंपनी के 50 फीसदी के निदेशक विशंभर दयाल गुप्ता को धक्का-मुक्की के साथ कंपनी से बाहर करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली है।

83 वर्षीय विशंभर दयाल गुप्ता ने उसके साथ हुए धोखे और जान से मारने की धमकी को लेकर एसपी सिरमौर को लिखित शिकायत दी है। कंपनी में शेयर होल्डर्स के साथ धोखा और उन्हें कंपनी से अलग करने का यह पहला मामला नहीं है, बल्कि इससे पहले भी जंगवीर सिंह के द्वारा कई डायरेक्टर्स को धोखा और डरा-धमका कर बाहर निकाला गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि कंपनी में उनका 50 प्रतिशत शेयर है, जबकि पहले जंगवीर सिंह का केवल 25 प्रतिशत का ही हिस्सा था। बाकी शेयर दो कर्मचारियों को दे दिए गए हैं, जिससे वे निदेशक बन गए हैं। अब जंगवीर सिंह खुद 45 प्रतिशत के पार्टनर बन चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि कोई हिस्सेदार कंपनी में हो रही मनमर्जी और अनियमितताओं का विरोध करता है, तो उसे धमकाया जाता है। विशंभर ने बताया कि उन्होंने अपनी उम्र और स्वास्थ्य के चलते रिटायरमेंट की बात की थी। 15 मार्च, 2025 को कंपनी में हुई मीटिंग में निदेशक हरप्रीत सिंह, भरत सिंह, शीतल दास शर्मा और जंगवीर सिंह मौजूद रहे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मीटिंग में जंगवीर सिंह ने उन्हें तीन करोड़ रुपए देने की बात कही, लेकिन जब उन्होंने कहा कि वे काम नहीं करना चाहते और अपना शेयर वापस चाहते हैं, तो जंगवीर सिंह ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। गुप्ता का कहना है कि उन्होंने इस कंपनी को मेहनत से खड़ा किया है, लेकिन अब जंगवीर सिंह की दबंगई के चलते उन्हें बाहर कर दिया गया है। ओवेशन रिमेडी और सई टेक मेडिकेयर जैसी यूनिट्स जंगवीर सिंह के अधीन हैं, जहां उनके रिश्तेदार ऊंचे वेतन पर कार्यरत हैं। जिला सिरमौर पुलिस प्रमुख निश्चित सिंह नेगी ने बताया कि उन्हें शिकायत मिली है और जांच के आदेश कालाअंब थाना प्रमुख को दे दिए गए हैं।

## दवा की दुकानों का खंगाला रिकॉर्ड, बिना पर्ची के दवा और सिरिंज न देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, कुनिहार**

नशे के विरुद्ध अभियान के तहत कुनिहार थाना क्षेत्र में दवा निरीक्षक अर्की और पुलिस टीम कुनिहार ने दवाइयों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान दुकानों के सेल और परचेज रजिस्टर की छानबीन की गई और दवा विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना डॉक्टर की पर्ची के कोई भी दवाई या सिरिंज न दी जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने दुकानों में रखी सभी दवाइयों को बारीकी से चैक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के अवैध कारोबार को रोकना और लोगों को नशे के प्रति जागरूक करना है। दवा निरीक्षक अर्की राकेश कौशल ने कहा कि अगर कोई मेडिकल स्टोर संचालक किसी भी प्रकार की शेड्यूल्ड दवाइयां बिना डॉक्टर की पर्ची के बेचता हुआ



पकड़ा जाता है, तो उस पर कानूनी कारवाई अमल में लाई जाएगी। आगामी समय में भी इस तरह की छापेमारी की जाएगी। डीएसपी अशोक चौहान ने जनता से आह्वान किया कि नशे के खात्मे को लेकर जारी जंग में पुलिस का साथ दें और अवैध तरीके से नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए जनता का सहयोग आवश्यक है। इस मौके पर एसएचओ कुनिहार मुकुल शर्मा भी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार तीन लोग घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में सड़क हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, पुलिस थाना शिलाई के अधीन पांवटा-गुमा नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे तीन लोग घायल हो गए। एक आल्टो शीरी क्यारी के पास पहुंची, तो अचानक 100 फुट गहरी खाई में जा गिरी। गाड़ी में तीन लोग सवार थे, जो कि घायल हो गए हैं। घायलों की पहचान अतर सिंह पुत्र शिब राम निवासी कुंइथोटी, जानकी देवी पत्नी संतराम निवासी गातु और शीतल पुत्री सुनील निवासी गातु के रूप में हुई है। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए शिलाई अस्पताल ले जाया गया है। उधर, शिलाई एमओ शीतल शर्मा ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें पांवटा अस्पताल रेफर कर दिया है। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र सिंह ने हादसे की पुष्टि की है।

## प्रदेश सरकार कोई भी कार्य करने में हुई नाकामयाब साबित : डॉ . राजेश



**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा कार्यकारणी सदस्य व सोलन से भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार अपने वादे पूरे करने में विफल साबित हुई है।

प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। वहीं सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में रात्रि के समय ऑक्सीजन प्लांट नहीं चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार कोई भी कार्य करने में नाकामयाब साबित हुई है। यह बात डॉ. राजेश कश्यप ने सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। डॉ. कश्यप ने बताया कि यह सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। वहीं, सोलन नगर निगम में पानी की दरें बढ़ाई गई हैं। लोगों को बढ़े हुए मूल्य के हिसाब से आज ही बिल मिले हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में कांग्रेस के पार्षद मुख्यमंत्री से मिले थे आश्वासन के बाद आज बढ़े हुए दामों पर बिल लोगों को थमाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि इसी तरह का रवैया रहा, तो भाजपा नगर निगम सोलन के खिलाफ हल्ला बोलेगी व सड़कों पर उतरकर लोगों को लामबंद करेगी।

## सलोगड़ा में मिला नवजात

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के साथ लगती सलोगड़ा बस्ती के नजदीक मंगलवार शाम को नग्न अवस्था में एक नवजात मिला। इससे एक बार फिर मां की ममता शर्मसार हुई है। जानकारी के मुताबिक किसी ने पुलिस को सूचना दी कि एक नवजात बच्चा सलोगड़ा बस्ती के पास नग्न अवस्था में मिला है, जिस पर शिकायतकर्ता बच्चे को लेकर सोलन उपचार के लिए लेकर आ रहे हैं। सूचना पर महिला थाना से पुलिस टीम तफ्तीश के लिए भेजी गई, जहां पर शिकायतकर्ता संतोष निवासी गांव सलोगड़ा के बयान पर धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि समय 4 बजे जब यह कपड़े धोने के लिए पानी की बॉडी के पास जा रही थी, तो उसने एक बच्चे की आवाज रोते हुए सुनी, जिस पर नजदीक जाकर देखा तो एक बच्चा नग्न अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे गोद में उठाकर अपने भाई के साथ सोलन लेकर आई, जिस पर नवजात बच्चे का मेडिकल करवाया जा रहा है, जिस पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है।

## वनों में आग पर नियंत्रण के लिए विभिन्न निकायों और लोगों का सहयोग आवश्यक

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन एवं जिला आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने कहा कि नगर निकायों, ग्राम पंचायतों व स्थानीय लोगों की सहभागिता से ही दावानल की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है।

मनमोहन शर्मा वनों में लगने वाली अग्नि पर नियंत्रण के लिए आयोजित तृतीय अंब्रेला समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि वन विभाग द्वारा अग्नि नियंत्रण के लिए जिले में 94 अति संवेदनशील वन क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं। इन क्षेत्रों की समुचित निगरानी की जा रही है। वनों में आग लगने की घटनाओं की सूचना आपातकालीन टोल फ्री नंबर-1077 पर दी जा सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मियों के मौसम में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वन क्षेत्रों में लगने वाली आग की घटनाओं को न्यून करने के लिए पूर्व की भांति पंचायत स्तर पर ठीकरी पहरा लगाया जाए।

डीसी ने कहा कि इस दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) विशेष रूप से सहायक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने निर्देश दिए कि वनों की आग को रोकने के लिए मनरेगा श्रमिकों का उपयोग भी किया जा सकता है। उन्होंने इस दिशा में वन एवं ग्रामीण तथा पंचायतीराज विभाग को उचित समन्वय बनाने के निर्देश दिए। मनरेगा के अंतर्गत वनों में तालाब निर्माण के निर्देश दिए, ताकि वनों में लगने वाली आग की घटनाओं पर तुरंत काबू पाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा बैठकों में भी लोगों को इस संबंध में जागरूक करना सुनिश्चित बनाएं।

### सोलन के देलगी जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के देलगी पंचायत के कोठी के जंगलों में बुधवार सुबह से ही आग लगी हुई है, जो काफी फैल चुकी है। इस आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। स्थानीय लोग और वन विभाग की टीम आग पर काबू पाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कोठी का जंगल भी इस आग से प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, वन विभाग भी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है।

## कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया 19वां स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल सनवारा ने अपना 19वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर असिस्टेंट स्टेट टेक्सेस एंड एक्साइज ऑफिसर (धर्मपुर सर्कल) राजेंद्र मोल्टा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसमें सबसे पहले गणेश वंदना व इसके बाद जूनियर-डांस, भाषण, समूह गान, नाटक, सांस्कृतिक नृत्य, वेस्टन डांस, पहाड़ी नाटी और भागड़ा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यातिथि राजेंद्र मोल्टा ने अपने भाषण में विद्यालय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की व सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के एमडी, ट्रस्टी, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों व शिक्षकों ने केक काट कर जश्न मनाया।

26 मार्च, 2007 को स्कूल की शुरुआत हुई थी, उसके बाद स्कूल निरंतर आगे बढ़ रहा है। स्कूल प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर एमडी हीरा ठाकुर, उपप्रधानाचार्या पूनम ठाकुर, ट्रस्टी राजेंद्र ठाकुर, हंसराज ठाकुर, नितिन ठाकुर, मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य वीरेंद्र सहगल, एडवोकेट सीके शर्मा, राजेंद्र सिंगला, डॉ. मान सिंह आदि मौजूद रहे।

## बिजली लाइनों के नीचे मकान न बनाएं उपभोक्ता : अंकित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बिजली विभाग उपमंडल राजगढ़ द्वारा बिजली लाइन संबंधी कुछ दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सहायक अभियंता अंकित वर्मा ने कहा कि आजकल घर की छतों पर से गुजर रही बिजली लाइन से आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके कई लोग बिजली लाइन के निचे या साथ में अपने घर बना रहे हैं। केंद्रिय बिजली प्राधिकरण सुरक्षा और बिजली आपूर्ति से संबंधित उपाय विनियमन संख्या 62 और 63 के अंतर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार इमारत के उपर से गुजरने वाली ओवरहेड लाइन, जिसमें 650 वोल्ट तक की वोल्टेज की लाइनों के लिए न्यूनतम दूरी 2.5 मीटर, 650 वोल्ट से लेकर, 11 केवी तक की वोल्टेज वाली लाइनों के लिए 3.7 मीटर, 33 केवी से अधिक वोल्टेज की लाइनों के लिए 3.7 मीटर, प्लस 0.30 मीटर अनिवार्य है। इसके अलावा इमारत के पास से गुजरने वाली 650 वोल्ट तक की वोल्टेज की लाइनों के लिए 1.2 मीटर, 650 वोल्ट से लेकर 11 केवी तक की वोल्टेज वाली लाइनों के लिए 1.2 मीटर, 11 केवी से अधिक तथा 33 केवी तक वोल्टेज वाली लाइनों के लिए 2.0 मीटर, 33 केवी से अधिक वोल्टेज की लाइनों के लिए दूरी 2.0 मीटर प्लस 0.30 मीटर होनी चाहिए। उपरोक्त नियमों का पालन न करने पर भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी होती है, तो उसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होगा विभाग नहीं इसलिए दिए गए दिशा-निर्देशों के तहत ही अपने मकान बनवाएं, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

## राजगढ़ में 13 से शुरू होगा शिरगुल देवता बैसाखी मेला



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिले के राजगढ़ में मनाए जाने वाले पारंपरिक एवं प्रसिद्ध जिलास्तरीय बैसाखी मेले के आयोजन को सफल बनाने के लिए अंबेदकर भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया।

बैठक का आयोजन मेला कमेटी अध्यक्ष व एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। एसडीएम राजगढ़ ने बताया कि शिरगुल देवता बैसाखी मेला 13 से 15 अप्रैल को राजगढ़ के नेहरू ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मेले का शुभारंभ शिरगुल मंदिर राजगढ़ में 13 को पीठासीन शिरगुल महाराज की पारंपरिक पूजा से होगा। मेले को सुचारू रूप से आयोजित करने

### मेले के आयोजन के लिए उपसमितियां गठित

के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक है और इसलिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि धार्मिक, लेखा, वित्त, सांस्कृतिक, ग्राउंड की व्यवस्था, स्वागत, कुश्ती तथा प्लाट वितरण आदि विभिन्न उपसमितियों का गठन कर दिया गया है। मेला कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि मेले के सफल अयोजन के लिए सभी उपसमितियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक उपसमिति के अध्यक्ष तहसीलदार राजगढ़ होंगे और जल्द ही कलाकारों की सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

**राजनीति** भाजपा व कांग्रेस सरकार की घोषणाएं साबित हुईं कोरी

## विकास की दृष्टि से राजगढ़ रहा अछूता

**बीआर चौहान, राजगढ़**

बीते ढाई वर्षों से कांग्रेस की सुक्खू सरकार के कार्याकाल में राजगढ़ क्षेत्र विकास की दृष्टि से अछूता रहा है। वहीं, पूर्व भाजपा सरकार की अनेक घोषणाएं भी कोरी साबित हुई हैं। वर्तमान सरकार के करीब ढाई साल पूर्ण होने जा रहे हैं, लेकिन इस अवधि में सीएम ने एक बार भी राजगढ़ क्षेत्र का प्रवास नहीं किया है। राजगढ़ क्षेत्र के अनेक बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि विकास के नाम पर राजगढ़ क्षेत्र के लोगों के साथ कांग्रेस व भाजपा की सरकारों ने हमेशा राजनीति की है।

पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में करगानू में पर्यटकों के लिए कृत्रिम झील निर्मित करने, हाब्बन में एंटी हेल गन स्थापित करने, राजगढ़ में एचआरटीसी का सब डिपो, पार्किंग, मिनी सचिवालय, खंड विकास अधिकारी के नए कार्यालय के लिए दो करोड़, मिनी सचिवालय, नेहरू ग्राऊंड को स्टेडियम में परिवर्तित करना आदि अनेक घोषणाएं कोरी साबित हुई हैं। घोषणा के सात साल बीत जाने पर भी राजगढ़ में मिनी सचिवालय के नाम पर एक ईंट भी नहीं लग पाई है। एचआरटीसी सब डिपो के नाम पर पूर्व भाजपा सरकार ने बोर्ड टांग कर अपना फर्ज अदा कर दिया। सब डिपो बनने के उपरांत बसों के रूट बढ़ने की बजाए कम हुए और बसों की संख्या 13 से घटकर 9 रह गई। इसी प्रकार पार्किंग के नाम पर नगर पंचायत कार्यालय के बाहर शिलान्यास कर राजगढ़ के लोगों के साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है। बता दें 27 फरवरी, 2019 को सांसद सुरेश कश्यप ने एचआरटीसी सब डिपो और पार्किंग का शिलान्यास किया था और 6 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी न ही पार्किंग तैयार नहीं हो सकी और न ही सब डिपो खुल पाया है। इसी प्रकार पूर्व बागवानी मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने चंदोल प्रवास के दौरान हाब्बन में एंटी हेल गन स्थापित करने की घोषणा की थी, जोकि फाइलों में सिमट कर रह गई। इसी प्रकार पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री ने खंड विकास कार्यालय के निर्माण के लिए दो करोड़ की घोषणा की गई थी, लेकिन एक रुपया भी भी नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)




एचआरटीसी सब डिपो का बोर्ड।




पार्किंग का शिलान्यास पत्थर।

## इंजीनियरिंग और डेयरी उत्पादन की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** धुंदन स्कूल के छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्री वोकेशनल भ्रमण के तहत जिला बिलासपुर के बंदला में स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज और नम्होल में स्थित कामधेनु दुग्ध प्लांट का भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग और डेयरी उत्पादन के क्षेत्र में जानकारी प्रदान करना और उनके कौशल विकास को प्रोत्साहन करना था।

हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों ने कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर शशी गुरंग से कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय और अन्य प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग के विभिन्न कोर्सों के बारे में बताया और उनके कौशल विकास को प्रोत्साहन दिया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने कामधेनु दुग्ध प्लांट में दूध एकत्रीकरण, पैकिंग और संरक्षण की प्रक्रिया के बारे में जाना। उन्होंने दूध से बनने वाले उत्पादों के वैज्ञानिक तरीके भी समझे।

## टीबी मुक्त करवाने में भागीदारी सुनिश्चित करें

**अनंत ज्ञान, सराहां।** विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर पच्छाद के नैना टिक्कर में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें क्षय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा ने लोगों से आह्वान किया कि यदि आपके आस-पास कोई भी व्यक्ति टीबी के लक्षणों से ग्रस्त है, तो उसे उपचार के लिए जल्द पहुंचाएं। हिमाचल व देश को टीबी मुक्त करवाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर डॉ. तरुण, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक शशिकांत शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

**ग्राम पंचायत चौरी विकास खण्ड गोपालपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत चौरी में विकास कार्यों के लिए सामग्री वर्ष 2025-26 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतू कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं 04 अप्रैल 2025 सुबह 11 बजे तक सील बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत चौरी में जमा करवा दें उसके बाद कोई भी निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। कुटेशन मासिक बैठक के दिन ही खोली जाएगी।

विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे - पत्थर, रेता, बजरी, जेसीबी, शटरिंग, कट स्टोन, मिक्सचर, सीमेंट दुलाई, सीमेंट बैंच व बोर्ड और क्रेट वायर, क्रेट सेट अपनी निविदाएं बंद लिफाफें में 04 अप्रैल 2025 सुबह 11 बजे तक पंचायत जमा करवा दें और जीएसटी एक्टिव होना चाहिए और निविदाएं की फीस 1000 रूपए रखी गई हैं। कुटेशन पंचायत कमेटी समक्ष खोली जाएगी जिसका रेट कम होगा उसकी कुटेशन पास की जाएगी।

नियम व शर्तें -- 1) निविदादाता के पास अपना निजी वाहन / JCB मशीन TIN / GST NO होना आवश्यक है। 2) निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर पंचायत के नाम भेजनी होगी। 3) निविदादाता को खनन बिभाग से हस्ताक्षरित --M- FORM जमा करवाने होंगे जो पंचायत ग्राम पंचायत चौरी के नाम पर होंगे। 4) सभी करों का लेनदेन सरकार के आदेशानुसार / प्रावधान के अनुसार करना होगा। 5 ) निर्माण सामग्री कार्यस्थल पर उपलब्ध करवानी होगी । 6 )सामग्री का मूल्य पंचायत के भूगोलिक स्थिति पर दिया जायेगा व् अस्विकृत सामग्री की अदायगी नहीं होगी । 7) निविदादाता द्वारा समय पर आपूर्ति न होने की दशा में अग्रिम राशी बापिस नहीं की जाएगी व् निविदा रद्द समझी जाएगी तथा दुसरे स्थान (No.) के निविदादाता से सामग्री क्रय की जाएगी। 8 )पारित निविदादाता को मुबलिक = 20000=00 राशी अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के बैंक खाता में जमा करवानी होगी। 9 ) रेता,बजरी की आपूर्ति एक ही फर्म की मान्य होगी। 10. निविदादाता के पास अपना वाहन /गाड़ी होना आवश्यक है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चौरी विकास खंड गोपालपुर
तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश

